हरिभूमि
# जशपुर-रायगढ़ भूमि
बिलासपुर, बुधवार, 12 नवंबर 2025
[ पत्थलगांव | कुनकुरी | बगीचा | फरसाबहार | कांसाबेल | दुलदुला | मनोरा ]

तापमान
अधिकतम 24.2 डिग्री
न्यूनतम 10.2 डिग्री

चार दिन बाद खरीदी होगी शुरू, जिले की 105 उपार्जन केंद्रों में तैयारियां तेज
4



## खबर संक्षेप

### प्रभावित परिजन को मिलेंगे 4 लाख रुपए

**जशपुरनगर।** कलेक्टर रोहित व्यास ने प्राकृतिक आपदा में जनहानि के एक मामले में प्रभावित परिजन को आरबीसी 6-4 के तहत 04 लाख रुपए की आर्थिक सहायता अनुदान राशि की स्वीकृत दी है। फरसाबहार तहसील अंतर्गत ग्राम जोरण्डाझरिया निवासी स्व. सुकवारी बाई का ढोढ़ी के पानी में डूबने से 02 सितम्बर 2024 को मृत्यु हो गई। मृतिका के निकटतम वारिस उनकी पुत्री मीना बाई हेतु 4 लाख रुपए की आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की गई है।

### लंबित पेंशन प्रकरणों की समीक्षा बैठक 13 को

**जशपुरनगर।** सरगुजा संभाग के विभिन्न विभागों में लंबित पेंशन प्रकरणों के शीघ्र निराकरण के उद्देश्य से संभागायुक्त कार्यालय, अम्बिकापुर में 13 नवम्बर 2025 को प्रातः 11:00 बजे समीक्षा बैठक आयोजित की गई है। यह बैठक कार्यालय के सभाकक्ष में होगी। कमिश्नर कार्यालय द्वारा जारी जानकारी के अनुसार सरगुजा, जशपुर, कोरिया, बलरामपुर, सूरजपुर और मनेंद्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर जिलों के लंबित पेंशन प्रकरणों की सूची तैयार कर ली गई है। सभी संबंधित विभागाध्यक्षों को निर्देश दिए गए हैं कि वे अपने-अपने विभागों से संबंधित सभी लंबित पेंशन प्रकरणों की अद्यतन जानकारी एवं संपूर्ण विवरण बैठक से पूर्व कमिश्नर कार्यालय को उपलब्ध कराएं तथा निर्धारित तिथि को अनिवार्य रूप से बैठक में उपस्थित रहें।

### सूर्यघर बिजली योजना का मिल रहा लाभ

**जशपुरनगर।** प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना का उद्देश्य घर-घर में सौर ऊर्जा का उपयोग करके बिजली बिल में कमी लाना है। इस योजना के तहत, छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत कंपनी के सभी उपभोक्ताओं को अपने आवासीय परिसरों में रूफटॉप सोलर पॉवर प्लांट स्थापित करने की सलाह दी जाती है।सोलर प्लांट की क्षमता के अनुसार केन्द्र और राज्य शासन द्वारा अनुदान दिया जाएगा। जैसे कि 1 केव्ही प्लांट के लिए 45,000 रूपए। जिसमें केन्द्र का 30,000 और राज्य 15,000 अनुदान होगा। इसी प्रकार 2 केव्ही प्लांट के लिए 90,000 रूपए। इनमें केन्द्र का 60,000, राज्य का 30,000, 3 केव्ही प्लांट या अधिक के लिए 1,08,000 इनमें केन्द्र का 78,000, राज्य 30,000 अनुदान होगा। बैंक द्वारा लोन की सुविधा 3 केव्ही तक क्षमता के सोलर प्लांट के लिए 6 प्रतिशत ब्याज दर पर 10 वर्षों के लिए लोन उपलब्ध है, जिसका मासिक ईएमआई सामान्य मासिक बिल से कम है। पीएम सूर्यघर मुक्त बिजली योजना ऑनलाइन पोर्टल पर लॉग ऑन कर या नजदीकी वितरण केन्द्रों, उप-संभाग, संभागीय कार्यालय से संपर्क किया जा सकता है। प्रति केव्ही कुल खर्च लगभग 65,000 है। इस योजना का लाभ उठाकर अपने बिजली बिल में कमी ला सकते हैं।

### ट्रक की टक्कर से बाइक सवार मितानिन की मौत

**अम्बिकापुर।** बनारस रोड पेट्रोल पंप के समीप ट्रक चालक ने लापरवाही पूर्वक चलाते हुए बाइक सवार को टक्कर मार दी। दुर्घटना में बाइक सवार मिलानीन की अस्पताल ले जाते समय रास्ते में मौत हो गई वहीं दंपति को मामूली चोटे आई। मितानीन गांव के ही गर्भवती महिला को उसके पति के साथ बाइक से शहर में सोनोग्राफी कराने के लिए आ रही थी। जानकारी के अनुसार जयनगर थाना अंतर्गत ग्राम शिवसागरपुर निवासी मितानीन सुनिता राजवाड़े पति रमाशंकर राजवाड़े (35 वर्ष) आज दोपहर गांव के ही एक गर्भवती महिला को उसके पति साथ बाइक से सोनोग्राफी कराने शहर आ रही थी। जैसे ही बाइक सवार बनारस रोड पेट्रोल पंप के समीप पहुंचे तभी विपरीत दिशा से आ रहे ट्रक के चालक ने लापरवाही पूर्वक चलाते हुए बाइक सवार को टक्कर मार दी।

"वंदे मातरम" के 150 वर्ष पर पुलिस का विशेष आयोजन

# देशभक्ति के गीतों से गूंज उठा पुलिस कार्यालय परिसर

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

राष्ट्रीय गीत "वंदे मातरम" के 150 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर सोमवार को जशपुर पुलिस ने पुलिस अधीक्षक कार्यालय में एक भव्य कार्यक्रम आयोजित किया, जिसने पूरे परिसर को मातृभूमि के गर्व और गौरव की भावना से भर दिया।

- वंदे मातरम" की गूंज, तिरंगे की गरिमा और देशभक्ति से सराबोर माहौल

कार्यक्रम की शुरुआत राष्ट्रगीत की बैंड धुन से हुई। शांति भवन जशपुर के विद्यार्थियों की बैंड पार्टी ने जब "वंदे मातरम" की मधुर धुनें बजाईं, तो उपस्थित अधिकारी, कर्मचारी और छात्र-छात्राएं गर्व से भर उठे। बैंड की स्वर-लहरियों ने माहौल को ऐसा बना दिया मानो हर धड़कन में देश का प्रेम झंकृत हो रहा हो। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शशि मोहन सिंह के नेतृत्व में अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने एक स्वर में "वंदे मातरम"का सामूहिक गायन किया। इस अवसर पर एसएसपी सिंह ने कहा कि वंदे मातरम केवल एक गीत नहीं, यह भारत के बहुजनों को एक सूत्र में जोड़ने वाला मंत्र है। यह मातृभूमि के प्रति हमारी श्रद्धा, एकता और त्याग की भावना का प्रतीक है। उन्होंने विद्यार्थियों की अनुशासित प्रस्तुति की सराहना करते हुए उन्हें सतत अभ्यास और समर्पण के साथ आगे बढ़ने की प्रेरणा दी तथा उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम के अंत में एसएसपी सिंह ने शांति भवन बैंड पार्टी के विद्यार्थियों को प्रोत्साहन एवं प्रशंसा स्वरूप शुभकामनाएं दीं। सभी उपस्थितजनों ने पुनः एक स्वर में "वंदे मातरम" का गायन किया, जिससे पूरा पुलिस कार्यालय देशभक्ति के उत्साह और गौरव से गूंज उठा।






### 150 वर्षों की गौरवशाली यात्रा को किया याद

150 वर्षों की इस गौरवशाली यात्रा को याद करते हुए जशपुर पुलिस ने इस आयोजन के माध्यम से मातृभूमि के प्रति अपनी निष्ठा और कर्तव्यभाव को पुनः पुष्ट किया।

### वंदे मातरम का ऐतिहासिक महत्व

वंदे मातरम की रचना वर्ष 1875 में बंकिमचंद्र चट्टोपाध्याय ने की थी। स्वतंत्रता संग्राम के दिनों में यही गीत भारतीय जनमानस की प्रेरणा बना और आज भी राष्ट्र के प्रति प्रेम, सम्मान और त्याग का प्रतीक है।

### ये रहे उपस्थित

इस अवसर पर उप पुलिस अधीक्षक मंजूलता बाज, रक्षित निरीक्षक अमरजीत खूंटे, तथा पुलिस अधीक्षक कार्यालय के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। पूरा आयोजन देशभक्ति, अनुशासन और गौरव का जीवंत प्रतीक बना।

शराब के नशे में हैवान बना पति

# मामूली विवाद पर पत्नी को टांगी से मौत के घाट उतारा

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

जशपुर जिले के पंडरा पाठ क्षेत्र में रविवार की रात दिल दहला देने वाली वारदात हुई। शराब के नशे में धुत एक पति ने मामूली विवाद में अपनी ही पत्नी पर टांगी से हमला कर उसकी हत्या कर दी। वारदात के बाद आरोपी जंगल की ओर भाग निकला, लेकिन पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए उसे कुछ ही घंटों में गिरफ्तार कर लिया।



- जशपुर पुलिस ने आरोपी को दबोचा

घटना चौकी पंडरा पाठ अंतर्गत ग्राम कुरकुरिया की है। पुलिस के अनुसार, आरोपी लरंग राम उम्र 45 वर्ष अपनी पत्नी संतोषी बाई के साथ रविवार को पकरी टोली गया था। लौटते समय रास्ते में ग्राम शरधापाठ, अंबाकोना के पास मृतका ने खेत में काम करती एक परिचित महिला को देखा और उसे आवाज लगाई। इसी दौरान नशे में धुत लरंग राम आपा खो बैठा और पत्नी से झगड़ने लगा। देखते ही देखते बहस हिंसक रूप ले ली और आरोपी ने आवेश में आकर अपनी पत्नी पर टांगी से हमला कर दिया, जिससे संतोषी बाई की मौके पर ही मौत हो गई।

### पुलिस ने आरोपी को जंगल से किया गिरफ्तार, भेजा जेल

सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। आरोपी वारदात के बाद फरार था, लेकिन मुखबिर की सूचना पर शरधापाठ जंगल से पुलिस ने घेराबंदी कर उसे गिरफ्तार कर लिया। आरोपी के पास से हत्या में प्रयुक्त टांगी भी जब्त की गई है। आरोपी के खिलाफ बीएनएस की धारा 103(3) के तहत अपराध पंजीबद्ध कर कार्रवाई की गई है। आरोपी ने पूछताछ में अपना अपराध स्वीकार कर लिया, जिसके बाद उसे न्यायिक रिमांड पर जेल भेजा गया है।

# एक ही जमीन को कई लोगों को बेचने वाला शातिर ठग गिरफ्तार

## चेक बाउंस के 7 वारंट, आया पुलिस के शिकंजे में

**जशपुरनगर।** जशपुर पुलिस की ऑपरेशन अंकुश के तहत बड़ी कार्रवाई — लंबे समय से फरार चल रहा शातिर ठग कयूम अंसारी आखिरकार पुलिस के हत्थे चढ़ गया। आरोपी के खिलाफ चेक बाउंस के 7 स्थायी वारंट न्यायालय द्वारा जारी किए गए थे। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेज दिया है।



मिली जानकारी के मुताबिक कयूम अंसारी उम्र 47 वर्ष, निवासी चीर बगीचा जशपुर, जमीन के नाम पर लोगों से ठगी करने का आदी था। उसने एक ही जमीन को अलग-अलग लोगों को दिखाकर उनसे एडवांस में रुपए वसूले, और जब पीड़ितों ने रुपए लौटाने की मांग की, तो उन्हें चेक थमा दिए। लेकिन बैंक में जमा करने पर सभी चेक बाउंस हो गए।

### इन्होंने की थी शिकायत दर्ज

आरोपी के खिलाफ रूमाना अंसारी, मुकेश सोनी, शिवकुमार, विनीत पाठक, रत्नेश यदु और नेसार अंसारी ने शिकायत दर्ज कराई थी। इन मामलों में न्यायालय ने धारा 138 एनआई एक्ट के तहत कार्रवाई करते हुए कुल 7 स्थायी वारंट जारी किए थे।

### ऑपरेशन अंकुश के तहत हुई गिरफ्तारी

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शशि मोहन सिंह के नेतृत्व में चलाए जा रहे ऑपरेशन अंकुश के तहत सिटी कोतवाली पुलिस ने आरोपी की तलाश तेज की और उसे चीर बगीचा क्षेत्र से गिरफ्तार कर लिया। आरोपी कयूम अंसारी को न्यायालय में पेश कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है। ऑपरेशन अंकुश के तहत ऐसे सभी फरार वारंटियों पर कार्रवाई लगातार जारी रहेगी।

## घरजियाबथान महाकुल समाज के ग्रामीण अध्यक्ष निर्वाचित हुए रोहित

**पत्थलगांव।** इस समय छत्तीसगढ़ प्रदेश में महाकुल समाज के संगठन को मजबूत करने का कार्य अनवरत चल रहा है, इसी के अंतर्गत ग्राम घरजियाबथान में ब्लॉक अध्यक्ष पुरनोचंद्र बेहरा की अध्यक्षता एवं प्रदेश कार्यालय प्रभारी महेश यादव जिला सदस्य दुर्योधन बेहरा, एवं विकासखंड के वरिष्ठ समाज सेवियों तथा समस्त ग्रामीण समाज के लोंगों की उपस्थिति में बैठक रखी गई, जिसमें अध्यक्ष पद के लिए खिरोधर बेहरा, एवं रोहित यादव ने दावेदारी कि , अंत मे मतदान की स्थिति निर्मित हुई, एवं 137 मतदाताओं ने मतदान किया जिसमें खिरोधर को 52 एवं रोहित को 85 मत प्राप्त हुए , परिणाम स्वरूप रोहित यादव को ब्लॉक अध्यक्ष ने ग्रामीण अध्यक्ष घोषित किया। रोहित यादव ग्राम पटेल छत्रमोहन यादव जी के कनिष्ठ पुत्र है, रोहित लोक गायक भी है , एवं पूर्व में भी पंचायत स्तरीय कई पदों में रहकर दायित्व का निर्वहन कर चुके हैं। रोहित यादव का क्षेत्र में एक वरिष्ठ समाज सेवी के रूप में विशेष पहचान है। इस मौके पर ब्लॉक अध्यक्ष पुरनोंचंद बेहरा सहित उपस्थित वरिष्ठ समाजसेवी एवं ग्राम वासियों ने निर्वाचित रोहित यादव अध्यक्ष, मनोनीत उपाध्यक्ष शंकर यादव ,सचिव किशोर बेहरा ,सहसचिव पंकज कुमार बेहरा कोषाध्यक्ष जुगेशवर यादव, गांव के उपसरपंच पवित्र मोहन बेहरा आदि मौजूद थे।



# दबंग युवक ने मानसिक रूप से विक्षिप्त अधेड़ की कर दी डंडे से पिटाई

## पैर की हड्डियों के हुए दो भाग, अस्पताल में भर्ती

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोतबा

मानसिक रूप से विक्षिप्त अधेड़ एक व्यक्ति को डंडे से बेरहम पिटाई कर दी गई। जिससे उसके पैर की हड्डी के दो टुकड़े हो गए। पुलिस में शिकायत के बाद उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जहां एक्सरे रिपोर्ट पर दायां पैर के घुटने के नीचे की हड्डी दो टुकड़े हो गये हैं। जबकि बायां पैर और शरीर के अन्य अंगों में गंभीर चोटें के निशान हैं। बरहाल पुलिस अपराध पंजीबद्ध कर बेहतर उपचार के लिये डॉक्टरों की सलाह लेने की बात कही है।

- ग्रामीणों को पुलिस में शिकायत के नाम पर धमकाया

जानकारी के अनुसार कोतबा चौकी क्षेत्र के ग्राम पंचायत सुरंगपानी निवासी मगन राम पैंकरा पिता शंकर पैंकरा ने दिनांक 5 नवंबर को लिखित शिकायत देकर बताया कि उनके भाई पीड़ति समन साय पैंकरा को मामूली बात से आहत होकर आरोपी डिलेश्वर पैंकरा गंदी-गंदी गालियां देकर हाथ में रखे बांस के डंडे से ताबड़तोड़ पिटाई कर लहुलुहान कर उसे बेहोशी के हालत में छोड़ दिया।शिकायत के आधार पर कोतबा पुलिस ने आरोपी डिलेश्वर पैंकरा के विरुद्ध धारा 296,351(2) 151(2) BSN के तहत अपराध पंजीबद्ध कर पीड़ति को उपचार के लिये प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र कोतबा भेजा गया। इधर पीड़ति की हालत देखकर चिकित्सकों ने पत्थलगांव रिफर कर दिया। गंभीर अवस्था को देखकर पत्थलगांव के डॉक्टरों ने उसे अम्बिकापुर भेज दिया गया। जहां उनका उपचार चल रहा हैं। वहा के डॉक्टरों ने एक्सरे और सीटी स्कैन कर देखा तो रिपोर्ट में पीड़ति के दायां पैर की हड्डी दो भागों में बटकर टूट गया है। जबकि माथे और शरीर के अन्य भागों में भी गंभीर चोटें आई है। बरहाल टूटे पैर को प्लास्टर कर अम्बिकापुर जिला चिकित्सालय में बेहतर उपचार किया जा रहा हैं।



### पीड़ति के भाई ने बताई आपबीती

पीड़ति समन साय के भाई मगन साय ने पुलिस को दिए आवेदन में बताया है कि वह घटना दिनांक के दिन अपने प्रधानमंत्री घर मे काम करने गया था। शाम करीब 6 बजे लौटा तो देखा कि उसका भाई समन साय सड़क किनारे खून से लतपत बेहोशी के हालत में पड़ा हैं। तब उन्होंने उनकी मां और गांव के दिनेश पैंकरा नामक व्यक्ति के सहयोग से घर उठाकर ले गया। कुछ समय बाद जब पीड़ति को होश आया तो उसने घटित घटना को विस्तार से बताया उनका कहना था कि आरोपी सड़क को घेरकर अपनी बॉडी का घेरा लगा रहा था। इस बात को लेकर उसने कहा कि सड़क संकीर्ण होगा तो आवागमन सहित दुर्घटना घटित होगा। बस इतनी सी बात में आवेश आकर आरोपी ने पीड़ति को गालियां देकर हाथ में रखे बांस के डंडे बेरहमी से लहूलुहान होने तक पिटाई कर बेहोश कर दिया। पीड़ति के भाई ने बताया कि इस घटना को गांव के अन्य लोग भी देखें है। इसका समाधान करने गांव में बैठक भी आहूत हुई। लेकिन आरोपी ने पुलिस में शिकायत करने बात कहते हुए फटकार लगाई जिसके बाद पीड़तिों ने पुलिस की शरण लेकर कार्रवाई की मांग की है।

### कार्रवाई की जाएगी

घटना की शिकायत के बाद तत्काल अपराध पंजीबद्ध कर लिया गया हैं। पीड़ति के उपचार के लिए डॉक्टरों से सलाह लेने कही गई थी। अगर पैर टूट गए हैं या अन्य क्रिटिकल मामले डॉक्टर के रिपोर्ट में आते है तो कठोर व जटिल धाराओं के तहत कार्रवाई की जाएगी।

-**बृजेश यादव**, चौकी प्रभारी कोतबा

# स्वास्थ्य सुविधाओं के विस्तार को मिली नई दिशा

**जशपुरनगर।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ में विकास कार्यों को नई गति मिल रही है। इसी कड़ी में जिले के लिए वित्त विभाग ने कई महत्वपूर्ण परियोजनाओं को प्रशासकीय स्वीकृति और सैद्धांतिक सहमति प्रदान की है।



- कुनकुरी में 359 करोड़ की लागत से बनेगा शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय भवन

प्रदेश सरकार ने कुनकुरी में नवीन शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय भवन निर्माण के लिए 359 करोड़ की सैद्धांतिक सहमति दी है। इस महाविद्यालय की स्थापना से न केवल स्थानीय युवाओं को चिकित्सा शिक्षा के अवसर मिलेंगे, बल्कि आदिवासी अंचल के नागरिकों को आधुनिक स्वास्थ्य सुविधाएं भी सुलभ होंगी। यह परियोजना क्षेत्र में स्वास्थ्य सेवाओं के क्षेत्र में मील का पत्थर साबित होगी। वित्त विभाग ने जिले के विकासखंड कांसाबेल की मैनी नदी पर बगिया बैराज सह दाबयुक्त उद्वहन सिंचाई योजना के लिए 79.38 रूपए करोड़ की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की है। इस परियोजना से किसानों को वर्षभर सिंचाई सुविधा उपलब्ध होगी और कृषि उत्पादन में वृद्धि होगी। वहीं फरसाबहार तहसील क्षेत्र के कनेक्टिविटी को सुदृढ़ करने के लिए तुमला से मेडर (ओडिशा सीमा) तक 12.80 किलोमीटर लंबे सड़क निर्माण कार्य हेतु 27.73 रूपए करोड़ की प्रशासकीय स्वीकृति दी गई है। इसके अलावा, विकासखंड फरसाबहार की कोकिया व्यपवर्तन योजना के लिए 16.17 रूपए करोड़ की स्वीकृति प्रदान की गई है, जिससे क्षेत्र में जल प्रबंधन ⏭ शेष पेज 4 पर

### गोकुल अष्टमी पूजा महोत्सव आज सीएम साय होंगे शामिल

महाकुल यादव समाज के तत्वावधान में आयोजित गोकुलाष्टमी पूजा महोत्सव इस वर्ष अपनी शताब्दी वर्षगांठ पर विशेष रूप से मनाया जाएगा। यह ऐतिहासिक आयोजन 12 नवम्बर को बड़े ही श्रद्धा और भव्यता के साथ गोकुला धाम कंडोरा कुनकुरी में संपन्न होगा। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विष्णु देव साय एवं समस्त विशिष्ट अतिथियों के गरिमामयी उपस्थिति में सम्पन्न होगा। आयोजन समिति ने बताया कि आस्था, एकता और संस्कृति का अद्भुत संगम आयोजन की भव्य तैयारी की जा रही है। गोकुलाष्टमी पूजा महोत्सव का यह शताब्दी वर्ष यादव समाज के लिए गर्व और श्रद्धा का अवसर होगा। इस दौरान धार्मिक अनुष्ठान, भजन-कीर्तन, सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ और समाज सेवा से जुड़े कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा।समाज के वरिष्ठजनों ने बताया कि यह आयोजन समाज की परंपरा, संस्कृति और भक्ति भावना का प्रतीक है।इस भव्य उत्सव में पूरे प्रदेश भर से हजारों श्रद्धालु और समाजजन शामिल होंगे।

- प्रदेशभर से जुटेंगे महाकुल यादव समाज के लोग

पिछले 22 महीनों में जिले में 22,805 मीट्रिक टन मत्स्य उत्पादन

# जशपुर ने मत्स्य उत्पादन के क्षेत्र में हासिल की उल्लेखनीय उपलब्धि

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में शासन की नीतियों एवं शासकीय योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन से जशपुर जिला आज मत्स्य उत्पादन के क्षेत्र में उल्लेखनीय प्रगति कर रहा है।

मत्स्य उत्पादन न केवल पोषण सुरक्षा का माध्यम है, बल्कि यह बड़े पैमाने पर ग्रामीण रोजगार सृजन का भी एक सशक्त माध्यम बन चुका है। प्रदेश में मत्स्य पालन को प्रोत्साहन देने हेतु शासन द्वारा निरंतर नवाचारों को अपनाया जा रहा है। किसानों को आधुनिक तकनीकों के उपयोग का प्रशिक्षण दिया जा रहा है तथा उन्हें अनुदान राशि भी प्रदान की जा रही है। इन प्रयासों से मत्स्य उत्पादक किसान आत्मनिर्भरता की दिशा में तेजी से अग्रसर हैं। पिछले 22 महीनों में योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन से जिले में मत्स्य बीज स्पॉन उत्पादन 18.50 करोड़, मत्सय बीज स्टे.फ्राय उत्पादन 2.55 करोड़, तथा मत्स्य बीज संचयन 2.94 करोड़ तक पहुंच गया है। जिले में कुल 22,805 मीट्रिक टन मत्स्य उत्पादन दर्ज किया गया। ग्रामीण स्तर पर मत्स्य पालन को बढ़ावा देने हेतु 77.677 हेक्टेयर ⏭ शेष पेज 4 पर



### ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मिला बल

प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना मत्स्य पालन क्षेत्र में नीली क्रांति लाने के उद्देश्य से प्रारंभ की गई एक महत्वाकांक्षी योजना है। इस योजना का मुख्य लक्ष्य देश में मत्स्य उत्पादन में वृद्धि करना, मत्स्य निर्यात को दोगुना करना तथा बड़े पैमाने पर रोजगार के अवसर सृजित करना है। यह योजना मछुआरों और मत्स्य पालकों को बुनियादी सुविधाओं, आधुनिक उपकरणों तथा वित्तीय सहायता के माध्यम से सशक्त बनाती है। इसके अंतर्गत मत्स्य पालन से जुड़े हितग्राहियों को आकस्मिक मृत्यु, स्थायी विकलांगता अथवा अस्पताल में भर्ती होने की स्थिति में बीमा सुरक्षा भी प्रदान की जाती है। साथ ही मछली पालन को एक व्यवसाय के रूप में शुरू करने के लिए ऋण पर सब्सिडी प्रदान करता है।

### दी जाती है अनुदान राशि

प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजनार्न्तत हितग्राहियों को स्वयं की भूमि में तालाब, पोखर संवर्धन, पौंण्डर लाइनर के निर्माण हेतु अनुसूचित जाति एवं जनजाति के हितग्राहियों एवं महिलाओं को 60 प्रतिशत तक एवं सामान्य एवं अन्य पिछड़ा वर्ग के हितग्राहियों को 40 प्रतिशत तक की अनुदान राशि प्रदान की जाति है। इस योजना के तहत जिले में 41 हेक्टेयर में स्वयं की भूमि में तालाब निर्माण, 7.6 हेक्टेयर में संवर्धन पोखर निर्माण, और 11 बायोफ्लॉक पॉण्ड लाइनर इकाइयों की स्वीकृति दी गई है। साथ ही 162 हितग्राहियों को सेविंग कम रिलीफ योजना के अंतर्गत सहायता प्राप्त हुई है।

# सरगुजा संभाग ने जीता स्कूल क्रिकेट खेल का खिताब



**जशपुरनगर।** 25 व राज्य स्तरीय स्कूल खेलकूद 2025 जो कांकेर संभाग में संपन्न हुआ। जिसमें सरगुजा संभाग की टीम में फाइनल जीत कर गोल्ड मेडल प्राप्त किया और छत्तीसगढ़ का नया चैंपियन भी बनी।

- जशपुर की खिलाड़ियों का रहा दबदबा

इस जीत में जशपुर के लूथरन हायर सेकेंडरी स्कूल के प्लेयर्स का बहुत योगदान रहा। जिसमें आकांक्षा रानी झूमर तिर्की, अलका रानी कुजूर, निकिता बाई, अमीषा लकड़ा, जिज्ञासा कुजूर, अभिलाशी बड़ा, अविना बाई, गायत्री बाई दीपिका भगत, अंबिकापुर से अंशीका राज आर्यन और कुनकुरी से दो खिलाड़ी शामिल थे। इस टूर्नामेंट में सरगुजा संभाग के टीम की तरफ से खेलने वाले अधिकतर ⏭ शेष पेज 4 पर

## खबर संक्षेप



### जिला दवा विक्रेता संघ का चुनाव शांतिपूर्वक संपन्न, एकता पैनल का रहा दबदबा

**अम्बिकापुर।** गहमागहमी और उत्साह के बीच सरगुजा जिला औषधि विक्रेता संघ का चुनाव रविवार को संपन्न हुआ। सुबह से ही मतदाताओं में भारी उत्साह देखने को मिला और अग्रसेन भवन मतदान केंद्र पर केमिस्ट साथियों की भीड़ उमड़ पड़ी। कुल 480 मतों का प्रयोग किया गया। इस चुनाव में एकता पैनल ने शानदार प्रदर्शन करते हुए प्रमुख पदों पर जीत दर्ज की। अध्यक्ष पद पर अमित अग्रवाल ने अपने प्रतिद्वंदी नवीन गोयल को हराते हुए 302 मतों से विजय प्राप्त की। सचिव पद पर अजय पाठक ने 259 मत हासिल कर अपने प्रतिद्वंद्वी सुमित कुमार अग्रवाल को पराजित किया। वहीं कोषाध्यक्ष पद पर प्रकाश श्रीवास्तव ने 304 मतों से अपने प्रतिद्वंद्वी शेखर गोयल को हराकर जीत दर्ज की। चुनाव पूरी तरह शांतिपूर्ण एवं पारदर्शी ढंग से संपन्न हुआ। रायगढ़ से आए पर्यवेक्षक अजय अग्रवाल एवं राजनांदगांव से आए पर्यवेक्षक देवव्रत गौतम ने बताया कि चुनाव निष्पक्ष और सौहार्दपूर्ण माहौल में संपन्न कराया गया।

### छत्तीसगढ़ आयुर्वेद अधिकारी संघ की प्रांतीय कार्यकारिणी की बैठक



**अम्बिकापुर।** छत्तीसगढ़ आयुर्वेद अधिकारी संघ जिला शाखा अंबिकापुर द्वारा संवाद एवं सम्मान समारोह तथा प्रांतीय कार्यकारिणी की बैठक संपन्न हुआ। छत्तीसगढ़ आयुर्वेद अधिकारी संघ, जिला शाखा द्वारा विशेष संवाद कार्यक्रम एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर संघ के प्रदेशाध्यक्ष डॉ. गदाधर पण्डा, संरक्षक डॉ. परसा शर्मा तथा प्रांतीय समिति के सदस्य उपस्थित रहे। प्रांतीय कार्यकारिणी की बैठक में प्रदेश भर के संगठन के पदाधिकारी शामिल हुए। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य संगठन के कार्यों की समीक्षा, अधिकारियों के बीच संवाद स्थापित करना एवं चिकित्सकों की समस्याओं से अवगत होकर उनका स्थानीय एवं शासन स्तर पर निराकरण कराना। इस अवसर पर राज्य के विभिन्न आयुर्वेद चिकित्सकों को उनके उल्लेखनीय सेवाओं एवं संगठन में उनके योगदान के लिए सम्मानित किया गया। साथ ही कार्यक्रम के दौरान प्रदेश कार्यसमिति की बैठक भी आयोजित की गई, जिसमें संघ के संगठनात्मक विस्तार, चिकित्सकों की समस्याओं के निराकरण तथा आयुर्वेद सेवाओं के सशक्तिकरण पर विस्तृत चर्चा की गई। कार्यक्रम का आयोजन अविभाजित के जिला अध्यक्ष डॉ. आशुतोष सिंह के नेतृत्व में किया गया। आभार प्रदर्शन जिला सचिव डॉ. कुलदीप द्विवेदी द्वारा किया गया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. श्रीकृष्ण त्रिपाठी द्वारा किया गया। बैठक में अंबिकापुर, सूरजपुर तथा बलरामपुर जिले के सभी आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारी, वरिष्ठ चिकित्सक एवं संघ के सदस्य बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

### त्रिपुरा राइफल के नायब सूबेदार के मुख्यालय स्थानांतरण होने पर दी गई भावभीनी विदाई



**बिश्रामपुर।** एसईसीएल बिश्रामपुर क्षेत्र में पदस्थ त्रिपुरा स्टेट राइफल के नायब सूबेदार जीवन सरकार का तबादला अगरतला मुख्यालय हो जाने के बाद आज सोमवार को उनके सम्मान में क्षेत्रीय सुरक्षा अधिकारी अमरेंद्र नारायण,सुरक्षा उपनिरीक्षक दिनेश पांडेय की अगुवाई में यूनिट के सदस्यों ने नायब सूबेदार को भावभीनी विदाई दी,बताया गया कि त्रिपुरा स्टेट स्टेट राइफल के नायब सूबेदार जीवन सरकार जो बिश्रामपुर में विगत दो वर्षों से पोस्ट कमांडर के पद पर तैनात रहे,उनकी सेवानिवृत्ति होने की तिथि आगामी 31 दिसंबर 2025 की है,रिटायरमेंट से ठीक पहले राज्य शासन ने उन्हें त्रिपुरा स्टेट राइफल के मुख्यालय अगरतला में पदस्थ किया है,तबादले आदेश के बाद उन्हें आज सोमवार को यहां से रवानगी देने से पूर्व उनके सम्मान मे एसईसीएल आरटीआई कैंप में विदाई कार्यक्रम आयोजित कर उन्हें सम्मान पूर्वक विदाई दी गई,बता दें कि एसईसीएल ने करीब पांच वर्ष पूर्व खदानों से कोयला,कबाड़,डीजल चोरी की बढ़ी घटनाओं के बाद त्रिपुरा सरकार से जवानों को खदान में सुरक्षा कार्य कराने अनुबंध किया था,वर्तमान में बिश्रामपुर क्षेत्र में करीब 60 सशस्त्र जवान त्रिपुरा स्टेट राइफल सहित सीआईएसएफ के दो दर्जन से अधिक जवान यहां खदानों सहित मैगजीन की सुरक्षा में तैनात हैं।

### संत गहिरा गुरु फुटबॉल प्रतियोगिता पर शाहपुर की टीम ने जमाया कब्जा

# खिलाड़ियों को हमेशा खेल की भावना से खेलना चाहिए : सांसद चिंतामणि

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुसमी

ग्राम पंचायत सामरी में संत गहिरा गुरु फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला मुख्य अतिथि सांसद चिंतामणि महाराज की उपस्थिति में खेल गया। फाइनल मुकाबला शाहपुर व गोपातु टीम के बीच खेला गया। शाहपुर की टीम ने बेहतर खेल कर प्रदर्शन करते हुए गोपातु टीम को 3-0 से पराजित कर प्रतियोगिता अपने नाम की। मुख्य अतिथि सांसद चिंतामणि महाराज ने विजेता एवं उपविजेता टीम ने नगद राशि व शील्ड देकर सम्मानित किया।

**खास बात**
- गोपातु की टीम रही उप विजेता

सामरी खेल मैदान में संत गहिरा गुरु फुटबॉल मैच के फाइनल मैच सांसद चिंतामणि महाराज द्वारा सर्वप्रथम संत गहिरा गुरु महाराज की प्रतिमा पर पुष्प माला अर्पित करते हुए पूजा अर्चना के साथ शुरुआत की। उन्होंने दोनों फुटबॉल टीम के खिलाड़ियों के बीच पहुंच कर टास्क कराया खेल की शुरुआत की। इस बीच उपस्थित सभी खिलाड़ी एवं दर्शक से भेंट मुलाकात करते हुए दूर दूर से आए हुए ग्रामीण क्षेत्रों की जनता के बीच बैठकर उनका का हाल चाल पूछा। खेले गए फाइनल मुकाबला में ग्राम पंचायत गोपातु एवं ग्राम पंचायत शाहपुर के खिलाड़ियों ने शानदार फुटबॉल खेल का प्रदर्शन किया। हालांकि शाहपुर की टीम ने शुरुआत से ही दबदबा बनाते हुए गोपातु टीम को 3-0 से पराजित प्रतियोगिता अपने नाम की। मुख्य अतिथि ने विजेता टीम को 51 हजार रुपए एवं शील्ड तथा उप विजेता टीम को 31 हजार रुपए एवं शील्ड देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर सांसद चिंतामणि महाराज ने कहा कि खुशी की बात है कि आज परम पूज्य संत गहिरा गुरु महाराज के नाम से सामरी में फुटबॉल मैच हिंडालको द्वारा आयोजन किया गया है। उन्होंने कहा कि सभी खिलाड़ी को हमेशा खेल को खेल की भावना से खेलना चाहिए। चिंतामणि महाराज ने कहा कि कोरवा जनजाति, बिरजिया जनजाति के युवा खिलाड़ियों द्वारा भी इस खेल में भाग लिया गया है जो खुशी की बात है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा जन मन प्रधान मंत्री ग्रामीण सड़क योजना के तहत सभी पहुंच विहीन ग्राम पंचायत में सड़क, बिजली, पानी, स्कूल सहित अन्य प्रकार की मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही है। सरकार की यह बहुत बड़ी उपलब्धि है। गहिरा गुरु महाराज के आदर्शों पर हम सभी को हमेशा चलना चाहिए , जिससे जीवन में हमेशा हम सभी को सुख मिलता रहेगा। उन्होंने कहा कि व्यस्तता के कारण सामरी में ज्यादा दौरा नहीं कर पाता हूं, संसदीय क्षेत्र लम्बा होने के चलते सभी जगह दौरा करना जरूरी हो जाता है। उन्होंने कहा कि मेरा प्रयास रहेगा कि सामरी के विकास कार्य हेतु कभी किसी भी प्रकार की कमी नहीं आने दिया जाएगा। इस दौरान हिंडालको के प्रबंधक संजय पार्थी, हिंडालको सीएसआर प्रभारी विजय मिश्रा , जिपं सदस्य संजीता नाग, नगर पंचायत उपाध्यक्ष आनंद जायसवाल, रामानंद यादव, मथुरा प्रसाद गुप्ता, राम सुंदर यादव, संजय जायसवाल, राकेश भारती, प्रदीप गुप्ता, बालेश्वर नायक, रामलाल यादव, अर्जुन यादव, प्रीतम गुप्ता, चंदन यादव, रमेश गुप्ता, संतोष गुप्ता, मनान खान सहित बड़ी संख्या में खेल प्रेमी मौजूद रहे।



विजेता टीम को पुरस्कार देते सांसद व अन्य।



## साईं धाम में विश्व अखण्ड भजन का समापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

श्री सत्य साईं सेवा समिति बिश्रामपुर द्वारा स्थानीय साईं धाम में विश्व अखंड भजन का आयोजन श्रद्धा, भक्ति और अनुशासन के साथ संपन्न हुआ। यह आयोजन मानवता के कल्याण, विश्व शांति, प्रेम,भक्ति और आध्यात्मिक ऊर्जा के संचार के लिए समर्पित था।

दो दिनों तक साईं धाम का वातावरण साई राम भक्ति रस से भर गया। 8 नवंबर सायं 5.30 बजे वैदिक मंत्रोच्चारण एवं वेद पाठ के साथ अखंड भजन की शुरुआत हुई। लगातार 24 घंटे तक बिना रुके साईं भजनों का गायन चलता रहा और 9 नवंबर की शाम 6 बजे महामंगल आरती के साथ समापन हुआ। इसके पश्चात सभी श्रद्धालुओं को भोग-प्रसाद वितरण किया गया। इस अखंड भजन में बिश्रामपुर समिति सहित मनेन्द्रगढ़, बैकुंठपुर, अंबिकापुर, सूरजपुर, जरही, कुम्दा, रेलवे स्टेशन कुंजनगर, सतपता और सपकरा की भजन मंडलियां शामिल हुईं। सभी मंडलियों ने साईं भजनों की मधुर लहरियों से वातावरण को आध्यात्मिक आनंद से भर दिया। पूरे परिसर को दीपों, साई बाबा के चित्रों, पुष्पमालाओं और रंगबिरंगे झालरों से सजाया गया था। श्रद्धालुओं ने दीप प्रज्वलित कर अपने जीवन में प्रकाश, प्रेम और करुणा के मार्ग को अपनाने का संकल्प लिया। भजन के दौरान प्रेम ही साईं का स्वरूप हैं, सेवा ही सच्ची भक्ति है जैसे संदेशों को भावनात्मक ढंग से प्रस्तुत किया गया।

- अलग-अलग भजन मण्डलियों ने निरंतर 24 घंटे किया भजन, महामंगल आरती के साथ हुआ सम्पन्न

समिति के पदाधिकारियों ने बताया कि इस आयोजन का उद्देश्य केवल धार्मिक अनुष्ठान नहीं बल्कि मानवता में एकता और विश्व बंधुत्व की भावना को प्रबल करना है। आयोजन को सफल बनाने में सभी साईं भक्त सक्रिय रहे।

## कन्या शाला में कैरियर गाइडेंस पर व्याख्यान

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर



मुरली मित्र वेलफेयर फाउंडेशन द्वारा शहर के शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में सोमवार को कैरियर गाइडेंस एवं मोटिवेशनल सेमिनार का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में स्कूल की सैकड़ों छात्राओं ने भाग लिया तथा उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली छात्राओं को मेडल व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। सेमिनार के मुख्य वक्ता मोटिवेशनल स्पीकर एवं ट्रेनर संदीप श्रीवास्तव ने छात्राओं को परीक्षा भय से मुक्ति, अवसाद पर विजय, समय प्रबंधन, उचित मित्र चक्र का चयन तथा एकाग्रता बढ़ाने जैसे विषयों पर व्यावहारिक मार्गदर्शन दिया। श्रीवास्तव ने कहा सपने वे नहीं जो नींद में देखे जाते हैं, सपने वे हैं जो आपको सोने नहीं देते। मुरली मित्र वेलफेयर फाउंडेशन के राज्य समन्वयक मनोज प्रजापति, हसनैन आलम, शिवेंद्र तारम एवं सत्येंद्र श्रीवास्तव ने बताया कि पिछले कई वर्षों से संस्था निःशुल्क ऐसे आयोजन कर मोबाईल-सोशल मीडिया की लत, गलत संगत एवं समय प्रबंधन की कमी से जूझ रहे छात्र-छात्राओं को मानसिक बल प्रदान कर रही है। संस्था का अगला लक्ष्य सरगुजा की बालिकाओं को निःशुल्क कराटे एवं ताइक्वांडो प्रशिक्षण उपलब्ध कराना है, ताकि वे आत्मरक्षा के साथ-साथ अनुशासन एवं आत्मविश्वास भी प्राप्त कर सकें। संस्था ने छत्तीसगढ़ के सभी जिलों में ऐसे कार्यक्रम आयोजित करने तथा विशेष रूप से सरगुजा जिले के प्रत्येक शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में मोटिवेशनल सत्र पहुंचाने का संकल्प लिया है। कार्यक्रम के दौरान परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली छात्राओं का सम्मान मेडल एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान किए गए। पुरस्कृत छात्राओं में मानसी गुप्ता, साक्षी जायसवाल, प्रतिमा, सृष्टि जायसवाल, संगीता सिंह, मान्या गुप्ता, शिखा साहू, वैष्णवी, तन्नू सोनी, जमुना पोर्टे रही।

## मंत्री राजवाड़े ने खड़ौली एवं पंडोनगर में आंगनबाड़ी विद्यालय के बच्चों के साथ मनाया जन्मदिन

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

छत्तीसगढ़ शासन की महिला एवं बाल विकास तथा समाज कल्याण मंत्री एवं भटगांव विधानसभा की विधायक श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े ने अपने जन्मदिन के अवसर पर प्रदेश एवं क्षेत्रवासियों के सुख, शांति एवं समृद्धि की कामना की।

- जन्मदिन पर मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े ने किया हवन-पूजन
- ग्रामीण ऑन से की मुलाकात और किया कंबल वितरण

उन्होंने ग्राम पंचायत बीरपुर स्थित अपने निज निवास में गायत्री परिवार द्वारा वैदिक विधि-विधान से आयोजित हवन-पूजन कार्यक्रम में शामिल होकर भगवान से समाज के कल्याण की प्रार्थना की। पूजा उपरांत मंत्री श्रीमती राजवाड़े बारह मील हनुमान मंदिर, वीरपुर पहुंचीं। जहाँ उन्होंने भगवान बजरंगबली के दर्शन एवं आशीर्वाद प्राप्त किया। इस दौरान उन्होंने प्रदेश की माताओं, बहनों, बच्चों एवं युवाओं के उज्ज्वल और सुरक्षित भविष्य हेतु प्रार्थना की। इस अवसर पर बिलासपुर से आए युवा मोर्चा कार्यकर्ताओं ने मंत्री श्रीमती राजवाड़े को पुष्पगुच्छ भेंट कर सम्मान व्यक्त किया। मंत्री राजवाड़े ने कहा कि जनता का विश्वास और स्नेह उन्हें निरंतर जनकल्याण के कार्यों के लिए प्रेरित करता है। इसके पश्चात मंत्री श्रीमती राजवाड़े ग्राम खड़ौली विकासखण्ड ओड़गी स्थित आंगनबाड़ी केंद्र पहुंचीं। उन्होंने बच्चों से स्नेहपूर्ण भेंट कर उन्हें अध्ययन सामग्री एवं उपहार प्रदान किए। पंडो समाज द्वारा आयोजित कार्यक्रम में शामिल हुईं और ग्रामीणों के साथ बातचीत करते हुए ठंड के मद्देनजर गर्म कपड़ों का वितरण किया। इसी क्रम में मंत्री श्रीमती राजवाड़े ग्राम पंडो आंगनबाड़ी केंद्र में बच्चों के साथ जन्मदिन मनाया तथा उन्हें कॉपी, पेन एवं चॉकलेट भेंट किए। साथ ही ग्राम पंडो नगर में पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया। यहां भी ठंड को ध्यान में रखते हुए जरूरतमंद ग्रामीणों को गर्म वस्त्र वितरित किए गए।



## कुरवां -डेडरी रोड स्थित पुल समीप तेज रफ्तार कोयला लोड ट्राला अनियंत्रित होकर पलटा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

ग्राम कुरुवां - डेडरी रोड स्थित पुल के पास आज सोमवार को कोयला लोड ट्रेलर अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खेत में पलट गया है,साथ ही एक और कोयला लोड ट्रेलर गायत्री खदान के समीप भी पलट गया है।

दोनों दुर्घटना में किसी तरह की कोई जनहानि की खबर नहीं है,इसका मुख्य कारण कोल ट्रांसपोर्ट की ट्रिप संख्या बढ़ाने के लिए चालकों के द्वारा जल्दबाजी बरतने को बताया जा रहा है,गौरतलब है कि सोमवार की दोपहर ट्रेलर वाहन क्रमांक सीजी 10 डीएन 5609 का चालक कोयला लोडकर बिश्रामपुर की तरफ आ रहा था,तभी बिश्रामपुर-मानी मुख्य मार्ग पर डेडरी पुल के समीप ट्रेलर चालक वाहन से अपना नियंत्रण खो बैठा और वाहन अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खेत में पलट गया,दुर्घटना होने उपरांत वाहन चालक मौके से फरार हो गया है,ग्रामीणों ने बताया कि इसी तरह एक और कोयला लोड ट्रेलर वाहन गायत्री खदान के समीप भी अनियंत्रित होकर पलट गया है,लोगों का कहना है यहां पर कोयला परिवहन की आपसी प्रतिस्पर्धा होने की वजह से इस तरह की घटनाएं आए दिन घटित हो रही हैं,जिससे कभी भी गंभीर हादसा होने की संभावना बनी रहती है।



## कार का पहिया एक्सल सहित निकल गया बाहर, बाल- बाल बचे सवार

**लखनपुर।** एनएच 130 पर तेज रफ्तार एसयूवी वाहन दुर्घटनाग्रस्त हो गई। इस दौरान कार का पहिया एक्सल सहित बाहर आ गया। बताया जा रहा है कि रविवार की सुबह अंबिकापुर से एसयूवी वाहन क्रमांक सीजी 04 क्यूडी 2248 लखनपुर की ओर जा रही थी। इस दौरान एनएच 130 पर रजपुरीकला के समीप अचानक ही कार का अगला पहिया एक्सल सहित बाहर निकल गया और कार अनियंत्रित होकर तीन से चार बार पलटते हुए खेत में दुर्घटनाग्रस्त हो गई। गनीमत रही कि इस घटना में किसी को गंभीर चोट नहीं आई। घटना के बाद स्थानीय लोगों ने चालक को बहार निकालकर उपचार के लिए लखनपुर अस्पताल में भर्ती करा दिया है जबकि पुलिस इस मामले की जांच कर रही है।



## जिले के प्रतिभाशाली और मेहनती युवाओं के लिए निशुल्क सीजीपीएससी कोचिंग की सुविधा



हरिभूमि न्यूज ⏭ सूरजपुर

जिले के युवाओं के लिए अब सफलता का रास्ता और भी आसान हो गया है। जिला प्रशासन और एसईसीएल भटगांव और व्यापम सहयोग से आज़ाद फाउंडेशन ने एक अनोखी पहल की है। ..जिले के प्रतिभाशाली और मेहनती युवाओं के लिए निःशल्क सीजीपीएससी और व्यापम कोचिंग की सुविधा शुरू की है। कोचिंग की शुरुआत एसईसीएल के सीएसआर फंड से की गई है, जिसका उद्देश्य है कि आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के होनहार छात्र भी प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर सकें और अपने सपनों को साकार कर सकें।

इस पहल की लोकप्रियता का अंदाज़ा इस बात से लगाया जा सकता है कि शुरुआत में ही 125 विद्यार्थियों ने एडमिशन ले लिया है। पहले जहां जिले के छात्रों को तैयारी के लिए अंबिकापुर या बिलासपुर जैसे बड़े शहरों का रुख करना पड़ता था। अब वे अपने ही जिले में उच्चस्तरीय कोचिंग प्राप्त कर सकेंगे। इससे न सिर्फ छात्रों को घर से दूर जाने की परेशानी से छुटकारा मिलेगा, बल्कि परिवारों पर पड़ने वाला आर्थिक बोझ भी काफी कम होगा। कोचिंग में पढ़ाने के लिए अनुभवी और एक्सपर्ट शिक्षकों की टीम तैयार की गई है, जो छात्रों को विषयवार मार्गदर्शन, परीक्षा रणनीति, और मॉक टेस्ट की सुविधा प्रदान करेगी। शिक्षकों का उद्देश्य सिर्फ़ पढ़ाना नहीं, बल्कि छात्रों में आत्मविश्वास जगाना और उन्हें सफलता की ओर अग्रसर करना है। यह पहल ग्रामीण और आर्थिक रूप से पिछड़े युवाओं के लिए एक बड़ा अवसर साबित हो रही है। अब जिले के छात्र भी बेहतर मार्गदर्शन और संसाधनों के साथ सरकारी नौकरियों की तैयारी कर सकेंगे। इस कोचिंग से न केवल युवाओं का भविष्य उज्ज्वल होगा, बल्कि जिले के समग्र विकास में भी योगदान मिलेगा।

## विराट शिव गुरु महोत्सव में उमड़ा जनसैलाब





हरिभूमि न्यूज ⏭ प्रतापपुर

शिव शिष्य हरीन्द्रानन्द फाउंडेशन के तत्वाधान में शासकीय महाविद्यालय खेल मैदान में विराट शिव गुरु महोत्सव का भव्य आयोजन संपन्न हुआ। यह आयोजन आध्यात्मिक स्वरूप का रहा, जिसका उद्देश्य महेश्वर शिव के गुरु स्वरूप से जन-जन को जोड़ना ताकि हर व्यक्ति के भीतर शिवभाव जागृत हो सके और वह अंधविश्वास, कुरीतियों एवं सामाजिक विभेदों से मुक्त होकर सत्य, ज्ञान और शिव के मार्ग पर अग्रसर हो।

कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में दीदी बरखा आनंद ने ने कहा कि"शिव केवल नाम के नहीं बल्कि काम के गुरु हैं। शिव के औढरदानी स्वरूप से धन, धान्य, संतान और संपदा प्राप्त करने की परंपरा तो सर्वविदित है, परंतु अब समय है कि उनके गुरु स्वरूप से भी हम ज्ञान प्राप्त करें। ज्ञान के बिना कोई भी संपत्ति या वैभव व्यर्थ है। उन्होंने कहा कि भगवान शिव जगतगुरु हैं और हर धर्म, जाति, संप्रदाय या लिंग के व्यक्ति उन्हें अपना गुरु बना सकता है। शिव का शिष्य बनने के लिए किसी दीक्षा या औपचारिकता की आवश्यकता नहीं, केवल यह विचार शिव मेरे गुरु हैं ही शिष्यता की शुरुआत करता है। यही भावना हमें शिव से जोड़ती है और शिवभाव को स्थायी बनाती है। अर्चित आनंद ने कहा कि यह विचार केवल धार्मिक नहीं, बल्कि गहन आध्यात्मिक है। यह किसी संप्रदाय की सीमाओं में बंधा नहीं, बल्कि आत्मा और परमात्मा के शाश्वत संबंध की अनुभूति कराता है। उन्होंने कहा कि शिव का शिष्य होना ही मानवता की सर्वोच्च साधना है। उन्होंने अपने वक्तव्य में शिव शिष्यता के तीन सूत्र भी साझा किए। महोत्सव में क्षेत्र के समीपवर्ती गाँवों और नगरों से हजारों की संख्या में शिव शिष्य परिवार के गुरु भाई-बहन उपस्थित हुए। पूरे परिसर को भव्य रूप से सजाया गया था, जहां श्रद्धा और भक्ति का वातावरण शिवमय बना रहा।

- दीदी बरखा आनंद और भैया अर्चित आनंद ने दिया शिवभाव का संदेश

कार्यक्रम के दौरान विशेष रूप से मुख्यमंत्री की धर्मपत्नी श्रीमती कौशल्या देवी साय, वन विकास निगम अध्यक्ष एवं कैबिनेट दर्जा प्राप्त रामसेवक पैकरा, विधायक श्रीमती शकुंतला सिंह पोर्ते, जिला पंचायत अध्यक्ष चन्द्रमणि देवपाल पैकरा, जिला सदस्य लवकेश पैकरा, मंडल अध्यक्ष मुकेश अग्रवाल, नगर पंचायत अध्यक्ष मानती सिंह, उपाध्यक्ष अजित शरण सिंह सहित अन्य जनप्रतिनिधि, सामाजिक कार्यकर्ता एवं नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।




# दो ओटीटी प्लेटफॉर्म पर आ रही जॉली एलएलबी-3

**नई दिल्ली।** अक्षय कुमार और अरशद वारसी की सुपरहिट फिल्म 'जॉली एलएलबी 3' 19 सितंबर को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। इस फिल्म को दर्शकों और आलोचकों ने खूब पसंद किया। बॉक्स ऑफिस पर भी 'जॉली एलएलबी 3' ने शानदार कमाई की. दुनिया भर में इस फिल्म ने 162.88 करोड़ रुपए से ज्यादा का कारोबार किया, जबकि भारत में इसका कलेक्शन 115.85 करोड़ रुपए रहा। अब जो लोग थिएटर में फिल्म नहीं देख पाए, उनके लिए खुशखबरी है। 'जॉली एलएलबी 3' जल्द ही ओटीटी प्लेटफॉर्म पर स्ट्रीम होने जा रही है। यह फिल्म एक नहीं, बल्कि दो प्लेटफॉर्म्स नेटफ्लिक्स और जियो हॉटस्टार पर रिलीज होगी।

## लाइफ Style

# अनीत



## एग्जाम के बाद शुरू करेंगी शक्ति शालिनी की शूटिंग

लव-स्टोरी फिल्म 'सैयारा' की एक्ट्रेस अनीत पड्डा अपनी नई फिल्म को लेकर चर्चा में हैं। हालांकि, इससे पहले अनीत कॉलेज के फाइनल ईयर की परीक्षाएं देंगी और इसके बाद वो शूटिंग शुरू करेंगी।

एजेंसी ▶▶ मुंबई

वाईआरएफ के बाद अनीत मैडॉक फिल्म्स की अगली फिल्म में अपना जादू चलाने जा रही हैं, जो एक हॉरर-कॉमेडी फिल्म है। इस साल सिनेमाघरों में धूम मचा चुकी लव-स्टोरी फिल्म 'सैयारा' की एक्ट्रेस अनीत पड्डा अपनी अगली फिल्म की तैयारी में जुटने जा रही हैं। हालांकि, इस फिल्म की शूटिंग से पहले अनीत पड्डा अपने कॉलेज के फाइनल ईयर के एग्जाम देने जा रही हैं। 'सैयारा' की सक्सेस के बाद से ही फिल्म के लीड एक्टर्स अहान पांडे और अनीत पड्डा ने सफलता की वो बुलंदियां छू ली हैं, जिसे पाने के लिए बड़े-बड़े सितारों को काफी पापड़ बेलने पड़े हैं। अहान अपनी अगली फिल्म में निर्देशक अली अब्बास जफर के साथ काम करने जा रहे हैं जो एक्शन और रोमांस से भरपूर होनेवाली है। वहीं, अनीत पड्डा अब एक हॉरर कॉमिडी फिल्म में कदम रखने जा रही हैं। अनीत जल्द ही एक आगामी हॉरर-कॉमेडी फिल्म 'शक्ति शालिनी' में दिखने जा रही हैं जिसकी कहानी एक रहस्यमय देवी पर बेस्ड है, जो बुरी आत्माओं से लोगों की रक्षा करती है। फिल्म में अनीत पड्डा लीड रोल में हैं और यह मैडॉक हॉरर कॉमेडी यूनिवर्स का हिस्सा है। 'भारत की जेन जी स्टार अनीत दिसंबर–जनवरी में अपने फाइनल-ईयर की परीक्षाएं देंगी।

## हॉलीवुड मसाला



# प्रियंका ने 12 साल बाद गाया गाना

**लॉस एंजिल्स।** प्रियंका चोपड़ा ने 12 साल बाद सिंगिंग में कमबैक किया है, लेकिन अफसोस कि इस बार उनकी तारीफ से अधिक आलोचना हो रही है। एक्ट्रेस ने वॉम के क्लासिक 'लास्ट क्रिसमस' गाने का देसी वर्जन गाया है, जिसे सुन लोग इसे 'भयंकर ऑटोट्यून' और 'एकदम अजीब' बता रहे हैं। बॉलीवुड की 'देसी गर्ल' प्रियंका चोपड़ा सिर्फ ग्लोबल एक्ट्रेस ही नहीं, सिंगर भी हैं। साल 2012 और 2013 में उन्होंने दो सिंगल सॉन्स रिलीज किए थे। दोनों को फैंस ने खूब पसंद भी किया था।



# माइकल के टीजर ट्रेलर को मिले रेकॉर्ड तोड़ व्यूज

**लॉस एंजिल्स।** 'इनविंसिबल' सिंगर माइकल जैक्सन की बायोपिक 'माइकल' के टीजर ट्रेलर ने रेकॉर्ड ब्रेक कर दिया है। अपने गानों से म्यूजिक की दुनिया और फैंस के दिलों पर राज करने वाले माइकल ने महज 50 साल की उम्र में दुनिया को अलविदा कह दिया था। उनकी बायोपिक में भतीजे जाफर जैक्सन ने उनकी भूमिका निभाई है। आपको जानकर हैरानी होगी कि फिल्म के वीडियो को 24 घंटे में ही 116 मिलियन व्यूज के साथ रेकॉर्ड तोड़ दिया है। 'माइकल' बायोपिक में 'किंग ऑफ पॉप' की जिंदगी को करीब से देखने का मौका मिलेगा। इसका निर्देशन एंटोनी फुक्का ने किया है। ये साल 2026 में रिलीज के लिए तैयार है। 'माइकल' के टीजर ट्रेलर ने म्यूजिकल बायोपिक की शुरुआती फिल्मों को पीछे छोड़ दिया है और पिछले टॉप चार्ट के आधे से भी ज्यादा ट्रैफिक हासिल किए हैं।



# दिखेगी सदियों पुरानी कबूतरबाजी परंपरा

**मुंबई।** महेश भट्ट की बेटी और निर्माता-निर्देशक पूजा भट्ट फिल्मों में फिर से वापसी कर रही हैं। उन्होंने सोमवार को अपने सोशल मीडिया हैंडल पर फिल्म की कास्ट का जिक्र किया है। यह फिल्म भारत की पारंपरिक कबूतरबाजी प्रथा पर आधारित होगी। इस फिल्म में उनके साथ 'पंचायत' सीरीज के एक्टर नजर आएंगे। पूजा भट्ट ने इंस्टाग्राम पर जितेंद्र कुमार के साथ अपनी एक तस्वीर शेयर की और लिखा, 'दो दमदार कलाकार। एक गहरी कहानी। अपनी अगली फिल्म की घोषणा करते हुए बेहद खुश हूं। यह भारत की सदियों पुरानी कबूतरबाजी परंपरा, कबूतरबाजी की पृष्ठभूमि पर आधारित एक दिल को छू लेने वाली कहानी है।' पूजा भट्ट की इस फिल्म में उनके साथ 'पंचायत' सीरीज के जितेंद्र कुमार नजर आएंगे। इस फिल्म में पूजा भट्ट मां की भूमिका में नजर आएंगी।



# सुनील के लाडले मराठी एक्ट्रेस को रहे डेट

**नई दिल्ली।** सुनील शेट्टी के लाडले अहान शेट्टी ने साल 2021 में फिल्म 'तड़प'से एक्टिंग डेब्यू किया था और वो जल्द ही पिता की फिल्म बॉर्डर के सीक्वल में नजर आने वाले हैं। अहान शेट्टी 'बॉर्डर 2' में अहम किरदार में नजर आने वाले हैं। इन सबके बीच इन दिनों ये स्टारकिड अपनी डेटिंग लाइफ की वजह से सुर्खियों में छाए हुए हैं। एक रिपोर्ट के मुताबिक सुनील शेट्टी के लाडले अहान शेट्टी इन दिनों मराठी एक्ट्रेस जिया शंकर को डेट कर रहे हैं। हालांकि, कपल अभी तक अपने रिश्ते को ऑफिशियल नहीं करना चाहता था। वो दोनों अपने रिश्ते के शुरुआती दौर में हैं और अभी चीजों को प्राइवेट रखना चाहते हैं। लेकिन जिया कई मौकों पर इस बात को स्वीकार कर चुकी हैं कि उनका एक बॉयफ्रेंड है। जिया शंकर ने भले ही अभी तक अपने बॉयफ्रेंड के नाम का खुलासा नहीं किया है।

## टीवी मसाला




# अभिषेक के बाहर होते ही शहबाज ने अशनूर पर साधा निशाना...

**नई दिल्ली।** बिग बॉस 19 में हर दिन एक नया ड्रामा और एक नया समीकरण देखने को मिलता है। अभी अभिषेक बजाज और नीलम गिरी बाहर हुए ही थे कि अब घर के अंदर फिर से उन कंटेस्टेंट के बारे में चर्चा शुरू हो गई है, जो इस घर में रहना डिजर्व नहीं करते। यह चर्चा शुरू हुई शहबाज बादेशा और गौरव खन्ना के बीच। शहबाज ने जीके से पूछा, आपको क्या लगता है कौन इस घर में रहना डिजर्व नहीं करता। इस पर गौरव खन्ना कहते हैं, वही जो तुम्हें लगते हैं। फिर शहबाज क्लियर करते हैं तुम्हारा मतलब है मालती? इस पर फिर जीके हां में गर्दन हिलाते हैं। गौरव से यह सहमति मिलने के बाद शहबाज कहते हैं, मुझे लगता है कि अशनूर भी डिजर्विंग नहीं है। इस पर जीके कहते हैं, प्रणीत को लगता है कि अशनूर डिजर्विंगग है। लेकिन, जब शहबाज उनकी राय जानने पर जोर देते हैं तो जीके के दिल की बात सामने आती है और वह कहते हैं, ईमानदारी से बताऊं तो मुझे लगता है कि अशनूर से ज्यादा डिजर्विंग बजाज था। बता दें कि बॉटम-3 में अभिषेक बजाज, अशनूर कौर और नीमल गिरी थे। बिग बॉस ने प्रणीत मोरे को ये पावर दी कि वह किस एक सदस्य को बचाना चाहेंगे। इस पर प्रणीत ने अशनूर का नाम लिया और इस अनाउंसमेंट के बाद अगली अनाउंसमेंट यह थी कि अभिषेक बजाज और नीलम गिरी घर से बाहर हो रहे हैं। अभिषेक के एविक्शन के खबर पर अशनूर बुरी तरह रोती नजर आईं. उनका रोना भी लाजमी था क्योंकि इस पूरे सीजन उन्होंने केवल एक ही कंटेस्टेंट से इतनी गहरी दोस्ती बनाई थी। अब देखना होगा कि अशनूर के गेम में क्या बदलाव देखने को मिलते हैं।

## सुपरहीरो 'शक्तिमान' की हो रही वापसी

**नई दिल्ली।** हमारे बचपन का पसंदीदा सुपरहीरो शो, शक्तिमान, एक बिल्कुल नए अवतार में लौट आया है। पॉकेट एफएम ने मुकेश खन्ना के साथ शक्तिमान रिटर्न्स नाम के एक स्पेशल 40-एपिसोड ऑडियो सीरीज में इस शो को वापस लाया है। शक्तिमान के रिवाइवल के बारे में बात करते हुए, मुकेश खन्ना ने कहा कि यह शो युवाओं में सच्चाई, निस्वार्थता और साहस की प्रेरणा देने के लिए बनाया गया है। मुकेश खन्ना ने कहा, ये मूल्य शाश्वत हैं। जब पॉकेट एफएम ने मुझसे कॉन्टैक्ट किया तो मैं यह देखने के लिए एक्साइटेड था कि ऑडियो के जरिए ये आदर्श कैसे जीवंत होंगे। लेकिन, जिस तरह से उन्होंने इसे एक नई कहानी के साथ, शक्तिमान की आत्मा को वैसा ही रखते हुए, फिर से क्रिएट किया है उसने मुझे सचमुच इम्प्रेस किया है। मुझे शक है कि कोई दूसरा प्रोडक्शन हाउस इस किरदार के साथ इतना न्याय कर पाता। उन्होंने आगे कहा कि उन्हें यह देखकर खुशी हो रही है कि शक्तिमान का सार जिंदा रखा गया है।



# 27 साल साथ निभाने वाले 'दादा' को खोकर भावुक हुए अभिषेक

**मुंबई।** बॉलीवुड एक्टर अभिषेक बच्चन के करीबी का निधन हो गया है। वो खास इंसान जो उनके साथ सालों से थे। अब उनके जाने पर एक्टर ने दुख जताया और पोस्ट भी शेयर किया। दरअसल, अभिषेक बच्चन के मेकअप आर्टिस्ट अशोक सावंत का हाल ही में निधन हो गया। सोमवार को अभिनेता ने दुख व्यक्त करते हुए एक पोस्ट साझा की। उन्होंने इंस्टाग्राम पर अशोक सावंत के साथ तस्वीर पोस्ट करते हुए बताया कि वे और अशोक पिछले 27 वर्षों से अधिक समय से साथ काम कर रहे थे। उन्होंने लिखा, 'अशोक दादा ने मेरी पहली फिल्म से ही मेरा मेकअप किया है और वह सिर्फ मेरी टीम का हिस्सा नहीं थे, बल्कि मेरे परिवार जैसे थे. उनके बड़े भाई दीपक करीब 50 साल से मेरे पापा का मेकअप कर रहे हैं।' अभिनेता ने बताया कि अशोक सावंत पिछले कुछ दिनों से बीमार थे, जिस कारण वे सेट पर नहीं आ रहे थे। उन्होंने लिखा, "बीमार होने की वजह से वे सेट पर नहीं रहते थे, लेकिन जब भी मैं शूटिंग कर रहा होता, वे रोज मेरे हालचाल पूछते थे और ध्यान रखते थे कि उनका असिस्टेंट मेरा मेकअप सही से कर




रहा है या नहीं। वे बहुत दयालु और मिलनसार व्यक्ति थे, जिनके चेहरे पर हमेशा मुस्कान रहती थी। वे अक्सर अपने बैग में रखी हुई स्वादिष्ट नमकीन निकालकर लोगों को बांटते थे। उन्होंने आगे लिखा, कल रात हमने उन्हें खो दिया. मैं अपनी आने वाली फिल्म का पहला शॉट देने से पहले हमेशा उनके पैर छूकर आशीर्वाद लेता था। अब मैं शॉट से पहले आसमान की तरफ देखूंगा और जानने की कोशिश करूंगा कि आप ऊपर से मुझे आशीर्वाद दे रहे हैं या नहीं। दादा, आपके प्यार, देखभाल, शालीनता, आपके हुनर और आपकी मुस्कान के लिए धन्यवाद।

# इस हफ्ते आ रहीं सस्पेंस-थ्रिलर और इमोशन से भरी फिल्में-सीरीज...

**नई दिल्ली।** नवंबर का दूसरा हफ्ता ओटीटी दर्शकों के लिए किसी त्योहार से कम नहीं होने वाला है। ओटीटी प्लेटफॉर्म्स पर इस बार आ रहा है रोमांच, रहस्य और भावनाओं का अनोखा मिश्रण। इस हफ्ते रिलीज होने वाली फिल्मों और सीरीज में ऐसे कई नाम शामिल हैं, जिनका फैंस लंबे समय से इंतजार कर रहे थे।

***दिल्ली क्राइम सीजन 3*** : 13 नवंबर को नेटफ्लिक्स पर रिलीज हो रहा है दिल्ली क्राइम का सीजन 3। दिल्ली पुलिस की दमदार अफसर वर्तिका चतुर्वेदी एक बार फिर लौट रही हैं- इस बार एक ऐसे केस के साथ जो मानव तस्करी के नेटवर्क को उजागर करेगा। शेफाली शाह का किरदार फिर से केंद्र में है, जबकि हुमा कुरैशी इस बार एक रहस्यमयी विलेन के रूप में नजर आएंगी। यह सीजन पिछले दोनों सीजनों से ज्यादा डार्क और इमोशनल बताया जा रहा है। दिल्ली के दिल में बसने वाले इस अपराध की कहानी आपको अंत तक बांधे रखेगी।

***अविहितम*** : 14 नवंबर को जियोहॉटस्टार पर यह फिल्म दस्तक दे रही है। मलयालम फिल्म 'अविहितम' में उत्तर केरल के एक छोटे गांव की कहानी दिखाई गई है, जहां दोस्तों का एक समूह घूमने जाता है और रास्ते में एक ऐसी घटना घटती है जो सबकी जिंदगी बदल देती है। गांव की रहस्यमयी पृष्ठभूमि और भावनात्मक ट्विस्ट से भरी यह फिल्म सामाजिक रिश्तों की परतें खोलती है। यह कहानी रूरल ड्रामा के साथ-साथ सस्पेंस का भी शानदार मिश्रण है।



***जुरासिक वर्ल्ड: रिबर्थ*** : जियो हॉटस्टार पर 14 नवंबर को आ रही है हॉलीवुड फिल्म जुरैसिक वर्ल्ड रिबर्थ।डायनासोर की दुनिया में एक बार फिर धमाकेदार वापसी होने वाली है। कहानी एक फार्मा कंपनी के इर्द-गिर्द घूमती है जो डायनासोर के डीएनए से इंसानों की बीमारियों का इलाज ढूंढना चाहती है। लेकिन जब वैज्ञानिकों की टीम एक रहस्यमयी द्वीप पर पहुंचती है, तो शुरू होता है असली खतरा। सस्पेंस, साइंस और एक्शन का ये कॉम्बो फैंस के लिए बड़ा ट्रीट साबित होगा।

***आंटीप्रेन्योर*** : 13 नवंबर को शेमारूमी पर यह गुजराती फिल्म रिलीज हो रही है। 65 वर्षीय जसुबेन की कहानी आपको प्रेरित करेगी और मुस्कुराएगी भी। सुप्रिया पाठक कपूर इस गुजराती फिल्म में एक विधवा का किरदार निभा रही हैं जो अपनी हाउसिंग सोसाइटी बचाने के लिए महिलाओं के साथ मिलकर स्टॉक मार्केट में कदम रखती है। जसुबेन का संघर्ष और उनकी उद्यमशीलता की कहानी एक सशक्त महिला की मिसाल पेश करती है। ये फिल्म हर उस व्यक्ति के लिए है जिसने कभी 'अब बहुत देर हो गई' कहा हो।

## शानदार एक्टिंग से लोगों के दिलों में बनाई एक खास जगह

# आज भी हर घर में देखी जाती हैं धर्मेंद्र की ये पांच सुपरहिट फिल्में

***नई दिल्ली।** बॉलीवुड में हीमैन के नाम से फेमस धर्मेंद्र ने एक से बढ़कर एक फिल्मों में शानदार एक्टिंग से लोगों के दिलों में एक खास जगह बनाई है। आपको बता दें उनकी कई फिल्में बॉक्स ऑफिस पर धमाल मचा देती थीं। धर्मेंद्र ने एक्शन के साथ-साथ कई रोमांटिक फिल्में भी की हैं और आज भी हर घर-घर में धर्मेंद्र की सुपरहिट फिल्मों को देखा जाता है।*

**आग ही आग** : धर्मेंद्र की ये फिल्म आग ही आग जो 1987 में रिलीज हुई थी और ये एक एक्शन फिल्म है, जिसको आज भी लोग देखना काफी ज्यादा पसंद करते हैं। आपको बता दें ये उस समय की सबसे बड़ी हिट फिल्म है।

**मेरा गांव मेरा देश** : मेरा गांव मेरा देश धर्मेंद्र की ये फिल्म 1971 में आई थी, जो उस समय की सबसे सुपरहिट फिल्मों में से एक रही.फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर शानदार प्रदर्शन किया और आज भी धर्मेंद्र की एक्टिंग को लोग खूब पसंद करते हैं।

**यमला पगला दीवाना** : साल 2011 में आई फिल्म यमला पगला दीवाना धर्मेंद्र की हिट फिल्म साबित हुई, लोगों के दिलों में इसके गाने और फिल्म दोनों ही खास जगह बनाएं हुए हैं।

**दोस्त** : धर्मेंद्र की 1974 में आई फिल्म दोस्त बॉक्स ऑफिस पर एक सुपरहिट फिल्म साबित हुई. धर्मेंद्र के साथ हेमा मालिनी और शत्रुघ्न सिन्हा भी इस फिल्म में हैं।

**वतन के रखवाले** : धर्मेंद्र की फिल्म वतन के रखवाले 1987 की एक सुपरहिट फिल्म थी, जिसको लोगों ने खूब पसंद किया और आज भी इसे हर घर-घर में देखना पसंद करते हैं।





## करोड़ों का है नेटवर्थ

धर्मेंद्र ने 300 फिल्मों के कॅरियर के साथ 335 करोड़ का अंपायर खड़ा किया है। इसके अलावा उन्होंने कई चीजों में निवेश भी किया है, जिनमें कलनरी से लेकर हॉस्पिटल फील्ड शामिल है। धर्मेंद्र ने गरम धरम ढाबा से रेस्टोरेंट बिजनेस शुरू किया था। उन्होंने एक और रेस्टोरेंट खोला, जिसका नाम हीमैन रखा, जो करनाल हाइवे पर है। सोशल मीडिया पर ही उन्होंने 100 एकड़ में बने फार्महाउस की झलक भी दिखाई है। यह शहर से दूर लोनावला में है, जिसमें स्वीमिंग पूल से लेकर एक्वा थैरेपी शामिल है। इसके अलावा धर्मेंद्र के पास 17 करोड़ की महाराष्ट्र में प्रॉपर्टी भी है।

## इक्कीस में इमोशनल अवतार में आएंगे नजर

धर्मेंद्र बॉलीवुड के शानदार एक्टर हैं। उनकी फिल्म इक्कीस 25 दिसंबर को सिनेमाघरों में रिलीज होने जा रही है। इस फिल्म में बॉलीवुड के ही-मैन इमोशनल अवतार में नजर आ रहे हैं और ट्रेलर में उन्हें देखकर जमकर तारीफ भी हो रही है। बॉलीवुड के हीमैन धर्मेंद 1960 के दशक से बॉलीवुड में अपनी धाक जमाए हुए हैं। 1960 में दिल भी तेरा हम भी तेरे से उन्होंने अपने कॅरियर की शुरूआत की और अब उनकी अपकमिंग फिल्म इक्कीस सिनेमाघरों में रिलीज होने को तैयार है। अब जब उनकी फिल्म रिलीज होने जा रही है, इस बीच आप जानते हैं कि धर्मेंद्र की नेटवर्थ कितनी है।

## खबर संक्षेप

### ट्रक से कुचल कर युवक की मौत, हंगाम

**राउरकेला।** बनई थाना क्षेत्र में रविवार शाम हुई ट्रक दुर्घटना में संतोष नंद नामक युवक की मौत के बाद क्षेत्र में तनाव की स्थिति उत्पन्न हो गई। हादसे से आक्रोशित लोगों ने टायर जलाकर राष्ट्रीय राजमार्ग 143 को अवरुद्ध कर दिया, जिससे करीब चार घंटे तक यातायात पूरी तरह ठप रहा। घटना की गंभीरता को देखते हुए प्रशासनिक अधिकारी मौके पर पहुंचे और लोगों को समझाने बुझाने का प्रयास किया। अंततः दुर्घटनाग्रस्त वाहन के मालिक द्वारा मृतक परिवार को 1 लाख 80 हजार रुपये मुआवजा देने के आश्वासन के बाद जाम समाप्त हुआ और स्थिति सामान्य हुई। इस बीच, उग्र भीड़ के हमले में ट्रक चालक गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसे तत्काल राउरकेला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। गुस्साए लोगों ने पुलिस और वन विभाग की गाड़ियों में तोड़फोड़ भी की। हालात बिगड़ने पर राउरकेला से अतिरिक्त पुलिस बल भेजा गया। स्थानीय नागरिकों ने नरेंद्र गुरुंडिया मार्ग पर भारी वाहनों की तेज रफ्तार को दुर्घटनाओं का प्रमुख कारण बताते हुएए उस पर कड़े नियंत्रण की मांग की है।

### आरक्षक भर्ती के लिए होगा ट्रेड टेस्ट

**रायगढ़।** आरक्षक संवर्ग के रिक्त पदों पर सीधी भर्ती प्रक्रिया अब अंतिम चरण में पहुंच गई है। रायगढ़ में आरक्षक चालक एवं आरक्षक ट्रेडमेन पदों के लिए ट्रेड टेस्ट परीक्षा का आयोजन किया जा रहा है। यह परीक्षा 17 नवम्बर से 19 नवम्बर तक पुलिस लाइन उर्दना, रायगढ़ में आयोजित होगी। इस परीक्षा में बिलासपुर रेंज के अंतर्गत आने वाले रायगढ़, जांजगीर-चांपा, सक्ती और सारंगढ़-बिलाईगढ़ जिलों के अभ्यर्थी शामिल होंगे। पुलिस विभाग द्वारा जारी जानकारी के अनुसार, आरक्षक चालक के साथ-साथ आरक्षक श्रेणी के अंतर्गत धोबी, टेंट खलासी, मोची, कुक, नाई एवं टेलर जैसे पदों के लिए यह परीक्षा ली जाएगी। लिखित परीक्षा में शामिल अभ्यर्थियों को ट्रेड टेस्ट के लिए सूची में दर्शाई गई निर्धारित तिथि पर प्रातः 7 बजे पुलिस लाइन रायगढ़ में उपस्थित होना अनिवार्य है। अभ्यर्थियों को परीक्षा केंद्र में प्रवेश के लिए व्यापम द्वारा जारी लिखित परीक्षा का एडमिट कार्ड तथा वैध पहचान पत्र साथ लाना आवश्यक है। इन्हीं दस्तावेजों के आधार पर परीक्षा स्थल में प्रवेश दिया जाएगा।

### जल संकट के बीच पानी की बर्बादी

**राउरकेला।** एक ओर शहरवासी पीने के पानी की कमी से जूझ रहे हैं। वहीं दूसरी ओर प्रशासनिक लापरवाही से कीमती पानी की बर्बादी थमने का नाम नहीं ले रही। आरएमसी नियंत्रित उदितनगर महताब रोड स्थित बीएसएनएल कार्यालय के सामने बने फूड कोर्ट परिसर में रविवार दोपहर पानी की बर्बादी का ऐसा ही दृश्य देखने को मिला ऐसा नजारा आम बात है। ओवरहेड टंकी भर जाने के बाद भी मोटर बंद न करने से लंबे समय तक पानी टंकी से ओवरफ्लो होता रहा, जिससे सैकड़ों लीटर पानी सड़क पर बह गया।

## खरीदी केंद्रों में बुनियादी और मूलभूत तैयारियां करने का निर्देश

# चार दिन बाद खरीदी होगी शुरू, जिले की 105 उपार्जन केंद्रों में तैयारियां तेज

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

कलेक्टर अधिकिरयों की बैठक लेकर कार्यों की समीक्षा की। कलेक्टर ने जनसुविधा से जुड़े कार्यों को प्राथमिकता से पूरा करने अधिकारियों को निर्देश दिया। जिले की 69 समितियों के 105 उपार्जन केंद्रों में किसानों से नकद एवं लिकिंग में धान खरीदी 15 नवम्बर से 31 जनवरी तक की जाएगी। उन्होंने उपार्जन केंद्रों की तैयारियों की विस्तृत जानकारी ली और नोडल अधिकारियों को प्रत्येक केंद्र का भौतिक सत्यापन कर तैयारी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

**खास बातें**
- नोडल अधिकरी भौतिक सत्यापन कर देंगे रिपोर्ट

कलेक्टर ने कहा कि सभी उपार्जन केंद्रों में साफ-सफाई, फेंसिंग, विद्युत व्यवस्था, कंप्यूटर व यूपीएस, इंटरनेट कनेक्शन, आर्द्रतामापी यंत्र, कांटा-बाट, बारदाना, पेयजल, शौचालय, मानव संसाधन, तारपोलिन और सीसीटीवी कैमरा जैसी सभी मूलभूत सुविधाएं अनिवार्य रूप से उपलब्ध होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि धान परिवहन पर नियंत्रण हेतु 10 अंतरराज्यीय एवं 15 आंतरिक चेकपोस्ट स्थापित किए गए हैं, जहाँ तीन पालियों में 24 घंटे निगरानी दल तैनात है। कलेक्टर ने बिचौलियों एवं कोचियों की सूची बनाकर अवैध धान परिवहन एवं भंडारण पर कड़ी कार्रवाई करने के निर्देश दिए।




बैठक लेते कलेक्टर और उपस्थित विभागीय अधिकारी।

### टेली मेडिसिन सुविधा का मिले लाभ

कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी ने कहा कि जिले के दूरस्थ ग्रामीण अंचलों के मरीजों के लिए टेली मेडिसिन सेवा प्रारंभ की गई है। इस सुविधा से मरीजों को अपने ही स्वास्थ्य केंद्र से विशेषज्ञ चिकित्सकों से ऑनलाइन परामर्श प्राप्त हो रहा है। स्वास्थ्य विभाग द्वारा तैयार रोस्टर के अनुसार रोजाना विभिन्न विशेषज्ञ डॉक्टर जैसे मेडिसिन, अस्थिरोग, स्त्रीरोग, शिशु रोग और नेत्र रोग के चिकित्सक परामर्श के लिए उपलब्ध रहते हैं। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि इस सेवा का लाभ अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचे, इसके लिए जनजागरूकता अभियान चलाया जाए।

### आंगनबाड़ी में नियमित पोषण आहार कराएं उपलब्ध

कलेक्टर ने महिला एवं बाल विकास अधिकारी से महतारी वंदन योजना के अंतर्गत ई-केवाईसी, पोषण ट्रैकर, भवन निर्माण, विद्युत कनेक्शन एवं एलपीजी की स्थिति की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि बच्चों को नियमित रूप से पोषण आहार उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। कलेक्टर श्री चतुर्वेदी ने क्रिटिकल केयर यूनिट एवं अन्य निर्माण कार्यों की प्रगति की समीक्षा करते हुए समय-सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने खाद्य विभाग से शासकीय उचित मूल्य की दुकानों में पाई जा रही अनियमितताओं पर सख्त कार्रवाई करने को कहा। उन्होंने स्कूलों में एलपीजी आधारित मध्याह्न भोजन, विद्यार्थियों की उपस्थिति और समग्र शिक्षा मिशन के कार्यों की समीक्षा की। कलेक्टर ने कहा कि जर्जर स्कूल भवनों की सूची तैयार कर जल्द कार्यवाही की जाए, ताकि किसी दुर्घटना की संभावना न रहे।



## जिले में अवैध धान खरीदी-बिक्री पर करें कड़ी कार्रवाई: कलेक्टर

**जशपुरनगर।** कलेक्टर रोहित व्यास ने कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में राजस्व विभाग के अधिकारियों की विस्तृत समीक्षा बैठक ली। उन्होंने बैठक में अनुविभाग एवं तहसीलवार लंबित राजस्व प्रकरणों की जानकारी लेते हुए विशेष अभियान चलाकर प्रकरणों का शीघ्र निराकरण करने के निर्देश दिए।

कलेक्टर श्री व्यास ने जिले में 15 नवंबर से शुरू होने वाले धान खरीदी के मद्देनजर राजस्व विभाग के अधिकारियों को भी सक्रिय एवं सतर्क रहने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जिले में पंजीकृत किसानों से समर्थन मूल्य पर सहकारी समितियों के माध्यम से धान खरीदी की जाएगी। जिले में कही भी अवैध धान की खरीदी या बिक्री नहीं होनी चाहिए। वाहनों के परिवहन पर लगातार नजर बनाए रखे। साथ ही एसडीएम, तहसीलदार अपने अधीनस्थ अमलों के साथ लगातार गश्त करे तथा चेकपोस्ट का भी निरीक्षण करें। कही भी अवैध धान के खरीदी, बिक्री एवं भंडारण की सूचना मिलने पर प्रकरण तैयार कर कड़ी कार्रवाई करें। साथ ही अवैध धान एवं संबंधित वाहन को जप्त करने की भी कार्रवाई करें। उन्होंने जिले में बनाए गए 21 चेकपोस्ट पर अंतर्जिला वाहनों की बेहतर निगरानी के लिए सीसीटीवी भी लगवाने के निर्देश दिए। इस दौरान बैठक में अपर कलेक्टर प्रदीप साहू, जिले के एसडीएम, तहसीलदार, नायब तहसीलदार एवं अन्य राजस्व अधिकारी शामिल हुए। राजस्व विभाग की समीक्षा बैठक में कलेक्टर श्री व्यास ने कहा कि राजस्व विभाग के अधिकारी गंभीरतापूर्वक कार्य करते हुए नामांतरण, डायवर्सन, भू-अर्जन, त्रुटि सुधार, सीमांकन, स्वामित्व योजना, आर.बी.सी. 6-4 के प्रकरणों सहित सभी लंबित मामलों का समय-सीमा के भीतर निराकरण करें।

## केजव्हील से सड़कें हो रही खराब, हो सकती है वाहन चालकों पर कार्रवाई



**बरमकेला।** नए रोड तो बन जाते हैं, लेकिन नागरिक कर्तव्य बोध की कमी के कारण नये रोड भी उखड़ते नजर आते है जिसका मुख्य कारण होता है सड़को पर केजविल चलना जो की रोड को क्षति ग्रस्त कर रहा है लेकिन अब शासन और प्रशासन सड़कों पर चलने वाले कैजव्हील एव अन्य ऐसी चीजे जो सड़क खराब कर सकती है। साथ ही बड़े हादसे को भी निमंत्रण देता है। इसे देखते हुए प्रशासन सख्त रुख अपना रहा है। ऐसे में ट्रैक्टर कैज व्हील के साथ चलाते है तो उनके खिलाफ कार्रवाई हो सकती है।

कलेक्टर पर पूर्व में सरिया तहसील अंतर्गत ग्राम मानिकपुर, बोन्दा, सांकरा एवं सरिया मे डबल कैज़व्हील ट्रेक्टर को मुख्य सड़कों पर चलाने वाले वाहन मालिकों के विरुद्ध जब्ती और चलानी कार्रवाई किया जा चुका हैं। इसके लिए जिला प्रशासन द्वारा प्रवर्तन दल का गठन किया गया था। कलेक्टर द्वारा नगर पंचायत सरिया मे तहसील के समस्त ग्राम के सरपंच, सचिव एवं पटवारी का बैठक मे कैज़ व्हील युक्त ट्रैक्टर वाहनों को सड़कों चलाने से मना किया गया था। इसके लिए आदेश भी जारी किया गया था। लेकिन इसी क्रम में भविष्य मे भी कैजे व्हील वाहनों पर कार्रवाई की जाएगी। इस प्रकार के कार्रवाई का मुख्य उद्देश्य शासकीय संपत्ति सड़क को क्षतिग्रस्त होने से बचाना हैं।

> मुख्य मार्गों में डबल कैज़व्हील युक्त ट्रेक्टर नहीं चलाना चाहिए। सड़क सार्वजनिक है जिसे सुरक्षित रखना हम सबकी जिम्मेदारी है।
>
> **कोमल प्रसाद साहू, तहसीलदार सरिया**

## घरघोड़ा मंडल में हुआ एसआईआर सम्मेलन

**घरघोड़ा।** पूरे देश में चुनाव आयोग द्वारा एसआईआर सर्वे किया जा रहा है, इसी को लेकर भाजपा के प्रदेश नेतृत्व के आह्वाहन पर लोगों तक जानकारी व जागरूकता पहुंचे इस उद्देश्य से एसआईआर सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में भाजपा घरघोड़ा मंडल द्वारा एसआईआर सम्मेलन का आयोजन किया गया। जिसमें अतिथि के रूप में रायगढ़ लोकसभा सांसद राधेश्याम राठिया, भाजपा जिला उपाध्यक्ष नरेश पंडा, जनपद अध्यक्ष सहनु पैंकरा, भाजपा वरिष्ठ नेता राजेंद्र ठाकुर उपस्थित रहे, वही आज के कार्यक्रम की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष राजेश पटेल ने की। उक्त कार्यक्रम में अतिथियों ने एसआईआर की प्रक्रिया के बारे में बताया तथा उसमें आवश्यक दस्तावेजों के संबंध में जानकारी दी। उसके साथ ही आगामी बारह नवंबर को घरघोड़ा से तमनार तक यूनिटी मार्च के बारे में बताया उसमें जनता की क्या भागीदारी हो सकती के संबंध में प्रकाश डाला। कार्यक्रम का संचालन भाजपा मंडल महामंत्री हंस राज गुप्ता ने किया। आज के इस कार्यक्रम में भाजपा के समस्त ज्येष्ठ श्रेष्ठ कार्यकर्ता गण, शक्ति केंद्र प्रभारी व बूथ प्रभारी उपस्थित रहे।

# बच्चों के मॉडल ने दिखाया विज्ञान का चमत्कार कृषि अपशिष्ट प्रबंधन को मिली सराहना

- रायगढ़ जशपुर और सारंगढ़ जिले के विद्यार्थियों ने दिखाया नवाचार
- कल जशपुर में विजयी प्रतिभागी होंगे शामिल




**रायगढ़।** पश्चिम भारत विज्ञान मेला का जोन स्तरीय आयोजन 8 नवम्बर को पीएम नटवर स्कूल में उत्साह, नवाचार और वैज्ञानिक दृष्टिकोण के साथ से संपन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ डीईओ ने मां सरस्वती की प्रतिमा पर दीप प्रज्वलन कर किया। इस अवसर पर जिला नोडल अधिकारी पश्चिम भारत विज्ञान मेला भुवनेश्वर पटेल एवं जिला परियोजना अधिकारी साक्षर भारत देवेंद्र वर्मा उपस्थित रहे।

डीईओ ने कहा कि हर बच्चे के भीतर एक वैज्ञानिक बनने की क्षमता होती है जरूरत है तो केवल उसकी जिज्ञासा को जगाने और उसे प्रयोग करने के लिए प्रोत्साहित करने की। उन्होंने विद्यार्थियों से आग्रह किया कि वे विज्ञान और गणित विषयों को रुचि के साथ पढ़ें और सीखने की प्रक्रिया में प्रयोगात्मक दृष्टिकोण अपनाएँ, ताकि वे भविष्य में सृजनात्मक और नवाचारी सोच वाले नागरिक बन सकें। जिला नोडल अधिकारी पश्चिम भारत विज्ञान मेला भुवनेश्वर पटेल ने अपने उद्बोधन में कहा विद्यार्थियों के सच्चे मार्गदर्शक सिर्फ माता पिता और शिक्षक ही होते हैं जो हमेशा उनके भविष्य के लिए बेहतर सोचते हैं। शिक्षक को अपनी गरिमा और मिशन के प्रति समर्पित होकर कार्य करना चाहिए तभी शिक्षा का असली उद्देश्य पूरा होगा।
इस आयोजन में रायगढ़, जशपुर और सारंगढ़ जिले के चयनित विद्यार्थियों ने विज्ञान नाटिका, प्रश्न मंच, विज्ञान प्रदर्शनी तथा सतत कृषि, अपशिष्ट प्रबंधन, प्लास्टिक के विकल्प, गणितीय मॉडलिंग, स्वास्थ्य एवं स्वच्छता, उभरती प्रौद्योगिकी एवं जल संरक्षण जैसे विषयों पर अपने नवाचार मॉडल प्रस्तुत किए। कार्यक्रम के अंत में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त प्रतिभागियों को प्रशस्ति पत्र एवं मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया।

### सतत कृषि में चरईडांड की रीमा सिंह प्रथम

विधा विज्ञान मॉडल विकसित और आत्मनिर्भर भारत उप कथानक सतत कृषि में प्रथम रीमा सिंह चरईडांड, जशपुर, द्वितीय कु. वैदांती वर्मा पीएम खरसिया, एवं तृतीय दिप्ती प्रजापती शाउमावि सारंगढ़ रहे। इसी तरह उप कथानक अपशिष्ट प्रबंधन और प्लास्टिक के विकल्प में प्रथम नीलध्वज सोनी शाउमावि हरदी, सारंगढ़ द्वितीय दिग्विजय सिंह सेजेस घरघोड़ा, उप कथानक हरित ऊर्जा में प्रथम भूमिका पटेल पीएमश्री नटवर इंग्लिश स्कूल, द्वितीय दिव्या कुर्रे शाउमावि सारंगढ़, तृतीय शिवम चिक बडाईक शाउमावि गम्हरिया उप कथानक उभरती हुई प्रौद्योगिकी में प्रथम विमल प्रधान शाउमावि सरिया, द्वितीय आशीष वर्मा पीएमश्री नटवर , तृतीय सत्यम बघेल सेंट मेरी स्कूल, जशपुर, उप कथानक मनोरंजनात्मक गणितीय मॉडलिंग में प्रथम सैफी परवीन सेजेस बगीचा, जशपुर, द्वितीय ध्रुव महेश शाउमावि हरदी, तृतीय वर्षा जांगड़े शाउमावि सारंगढ़, उप कथानक स्वास्थ्य और स्वच्छता में प्रथम नकुल जोलहे शाउमावि हरदी द्वितीय दुर्गा नाई सेजेस चपले रहे।

### डिजिटल जीवन प्रमाण-पत्र अभियान के लिए लगेगा शिविर

**रायगढ़।** जिले में पेंशनरों की सुविधा के लिए डिजिटल जीवन प्रमाण-पत्र अभियान 4.0 के अंतर्गत विशेष शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। यह शिविर 11 और 12 नवम्बर को जिले के सभी जनपद पंचायत कार्यालयों में आयोजित होंगे। यह अभियान भारत सरकार के कार्मिक, लोक शिकायत एवं पेंशन मंत्रालय, पेंशन एवं पेंशनभोगी कल्याण विभाग द्वारा जारी दिशा-निर्देशों के अनुरूप संचालित किया जा रहा है। इसमें पेंशनरों को अपने जीवन प्रमाण-पत्र को डिजिटल माध्यम से घर बैठे या नजदीकी शिविरों में आसानी से प्रस्तुत करने की सुविधा मिलेगी। डिजिटल जीवन प्रमाण-पत्र 4.0 संस्करण फेस ऑथेंटिकेशन तकनीक पर आधारित है, जिसके माध्यम से पेंशनर अपने मोबाइल या कंप्यूटर से सीधे प्रमाण-पत्र बना सकते हैं। इस तकनीक से जीवन प्रमाण-पत्र की प्रक्रिया और अधिक सरल, पारदर्शी एवं सुरक्षित बन गई है। कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी ने सभी अनुविभागीय अधिकारियों एवं जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों को निर्देशित किया है कि शिविरों में विद्युत, इंटरनेट, बैठने एवं पेयजल की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाए।

## पेज 1 का शेष

### स्वास्थ्य सुविधाओं के ...

और सिंचाई व्यवस्था में दीर्घकालिक सुधार होगा। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में प्रदेश में आधारभूत संरचना, कृषि, सिंचाई और स्वास्थ्य सेवाओं के क्षेत्र में लगातार नई योजनाएं साकार हो रही हैं।कुनकुरी एवं पत्थलगांव विधानसभा क्षेत्र में स्वीकृत ये परियोजनाएं क्षेत्र के सर्वांगीण विकास की दिशा में मील का पत्थर साबित होंगी।

### जशपुर ने मत्स्य उत्पादन...

ग्रामीण तालाबों और 295.270 हेक्टेयर जलाशयों का पट्टा आबंटन किया गया। साथ ही 8 मछुआ सहकारी समितियों को शासन द्वारा नवीन योजना के अंतर्गत अनुदान स्वीकृत किया गया। मछुआरों के सामाजिक सुरक्षा के लिए 6,904 हितग्राहियों को मत्स्यजीवि दुर्घटना बीमा योजना के तहत लाभान्वित किया गया है। वहीं अनुसूचित जाति एवं जनजाति वर्ग के 63 हितग्राहियों द्वारा मौसमी तालाबों में मत्स्य बीज संवर्धन का लाभ दिया गया है। साथ ही सामान्य एवं अनुसूचित जनजाति वर्ग 817 लाभार्थियों ने 50 प्रतिशत अनुदान पर फिंगरलिंग क्रय कर संचयन कार्य किया है। सामान्य एवं अनुसूचित जनजाति वर्ग के 430 हितग्राहियों को नाव-जाल वितरण और 227 लाभार्थियों को फुटकर मछली विक्रय योजना के तहत आर्थिक सहायता दी गई है। इसी प्रकार से झींगा पालन के क्षेत्र में भी 55 इकाइयों की स्थापना से मत्स्य व्यवसाय में विविधता आई है।

### सरगुजा संभाग ने ...

खिलाड़ी हमारे जशपुर ईचकेला के खिलाड़ी रहे जो एक साथ रहकर आखिरी तीन-चार वर्षो से लगातार प्रयास कर रहे हैं , लगातार प्रशिक्षण ले रहे हैं। और उसी का आज हमें परिणाम देखने को मिल रहा है कि हमारे जशपुर के खिलाड़ी राज्य स्तरीय स्कूल गेम्स में गोल्ड मेडल जीतने में सफलता प्राप्त किए है। और जशपुर जिले को गौरवान्वित किए हैं। इस प्रतियोगिता में रायपुर संभाग दुर्ग संभाग, बस्तर संभाग और बिलासपुर संभाग जैसी बड़ी-बड़ी टीम को हराकर हमारी सरगुजा संभाग ने इतिहास रच दिया है. और गोल्ड पर कब्जा किया और साथ ही छत्तीसगढ़ का नया चैंपियन भी बना है। युवा समाज सेवी और पूर्व क्रिकेट खिलाड़ी सूर्यकांत चन्द्रा ने बताया कि इस जीत का अहम योगदान हॉस्टल वार्डन पंडरी बाई, शंकर सोनी और इन खिलाड़ियों के कोच संतोष कुमार का रहा है जो लगातार प्रयास कर रहे हैं इन खिलाड़ियों के बेहतर परफॉर्मेंस को लेकर इससे पूर्व में भी रायगढ़ में हुए अंदर-19 महिला क्रिकेट स्कूल गेम्स में भी हमारे सरगुजा संभाग की टीम ने रायपुर संभाग की टीम को हराकर सिल्वर मेडल प्राप्त किया था। जिसमें हमारे जशपुर के जिला के खिलाड़ियों वर्षा बाई, एंजेल लकड़ा, संतोषी बाई, रितु भगत, पूर्वंशी साहू ,साक्षी यादव, रेखा बड़ा, अजंती बाई, तुलसीका भगत एवं कुनकुरी से दो खिलाड़ी और कोतबा से मीनाक्षी यादव का योगदान सराहनीय रहा था।

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) बगीचा, जिला-जशपुर (छ.ग.)**
**// ईश्तहार //**
क्रमांक /Q/ रीडर-1/2025
बगीचा, दिनांक 31.10.2025

एतद् द्वारा समस्त आम जनता नगर पंचायत बगीचा तहसील बगीचा जिला जशपुर (छ.ग.) को सूचित किया जाता है कि आवेदक गिरजानाथ पिता चमरू जाति कलवार निवासी ग्राम बगीचा तहसील बगीचा जिला-जशपुर (छ.ग.) द्वारा ग्राम बगीचा प.ह.नं. 23 में स्थित खसरा क्रमांक 35/2 रकबा 0.101 हे. भूमि भूमिस्वामी हक में दर्ज है। आवेदक को उक्त भूमि रजिस्ट्री बैनामा के माध्यम से प्राप्त हुई है। आवेदक उक्त कृषि प्रयोजन से किराये का मकान निर्माण करने के उद्देश्य से व्यवसायिक प्रयोजन में व्यपवर्तन कराना चाहता है। आवेदक द्वारा उक्त भूमि को व्यवसायिक प्रयोजन हेतु व्यपवर्तित करने हेतु छ.ग. भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा 172 के तहत आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। आवेदक द्वारा आवेदन पत्र के साथ उक्त भूमि का बी-1, रजिस्ट्री बैनामा, की छायाप्रति संलग्न है।

उक्त मामले की सुनवाई दिनांक 14.11.2025 को न्यायालयीन समय प्रातः 10.30 बजे से सायं 5.30 तक स्थान अनुविभागीय अधिकारी (रा.) बगीचा के न्यायालय में होना नियत किया गया है। अतः इसमें जिस किसी भी व्यक्ति को दावा / आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो वह स्वयं अथवा अपने अभिकर्ता के माध्यम से मेरे समक्ष न्यायालय में उपस्थित होकर अपना दावा / आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है, नियत तिथि एवं समय के पश्चात प्राप्त किसी भी दावा / आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।


आज दिनांक 31.10.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन मुद्रा से जारी किया गया।


**अनुविभागीय अधिकारी (रा.)**
**सक्षम प्राधिकारी-बगीचा**
**जिला-जशपुर (छ.ग.)**

**न्यायालय अतिरिक्त कलेक्टर एवं विवाह अधिकारी, बिलासपुर (छ.ग.)**
**विवाह सूचना का प्रकाशन**
क्रमांक क/ /वाचक/अति-कले/2025,
बिलासपुर, दिनांक 11.11.2025

श्री प्रशान्त तिर्की आत्मज स्व. अल्बर्ट तिर्की माता श्रीमती लिवनी तिर्की उम्र 31 वर्ष निवासी ग्राम बुढ़ाडांड कोर्कोटपारा-3 पो. मुसगुटरी थाना व तहसील बगीचा जिला जशपुर (छ.ग.)
एवं कुमारी जूही साक्षी कुजूर पिता श्री लेयोस कुजूर निवासी सेक्टर-2 गंगानगर मंगला थाना सिविल लाईन बिलासपुर तहसील व जिला बिलासपुर (छ.ग.)

द्वारा विशेष विवाह अधिनियम 1954 की धारा-5 के तहत सूचना पत्र प्रस्तुत किया गया है। अतः प्राप्त सूचना का प्रकाशन सर्व साधारण के लिए दैनिक समाचार पत्र में किया जाता है। इस विवाह के संबंध में यदि कोई आपत्ति या दावा हो तो अपनी आपत्ति/दावा इस कार्यालय में दिनांक 15.12.2025 को प्रातः 11:00 बजे प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित अवधि पश्चात प्राप्त आपत्ति/दावा पर कोई विचार करना संभव नहीं होगा।


प्रशान्त तिर्की


जूही साक्षी कुजूर

**विवाह अधिकारी**
**बिलासपुर (छत्तीसगढ़)**



## भोर में प्रभात फेरी रात रामायण पाठ और संगीत

हरिभूमि न्यूज ⏭ सरसींवा

सरसीवा नगर पंचायत में इन दिनों कीर्तन मंडली के शुरुआती दिन से स्थानीय सत्संगी कीर्तन मंडली के द्वारा हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी नगर के सभी मोहल्ले के गलियों में राम भजन करते हुए प्रभात फेरी लगते थे। रात्रि में प्रतिदिन रामायण का पाठ किया जाता था नगर वासी प्रति दिन भोर में सुबह सुबह कीर्तन मंडली के द्वारा सभी प्रभात फेरी करने वाले को चाय पिलाकर से स्वागत किया करते थे। उसके बाद प्रभात फेरी के लिए उपस्थित लोगों के साथ कीर्तन मंडली के द्वारा नगर भ्रमण करते थे। कीर्तन मंडली के प्रभात फेरी से पूरा नगर धर्म नगरी में परिवर्तित हो जाता था नगर में प्रतिदिन प्रभात फेरी निकलने वाले का समापन कार्तिक पूर्णिमा के रोज शनि मंदिर के पास भंडारण किया गया था जिसमें खीर पुरी सब्जी का प्रसाद वितरण किया गया।

